प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक — केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



डीएमके और टीएमसी की हार से कांग्रेस खुश न हो पेज- 2

झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से युवक की हुई मौत पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 182 | मंगलवार 23 जून, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

## तमिलनाडु के सीएम थलापति विजय का 52वां जन्मदिन, पीएम मोदी, राहुल गांधी और खरगे ने दीं शुभकामनाएं

(एजेंसी) चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख थिरु सी. जोसेफ विजय (थलापति विजय) सोमवार को




अपना 52वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के दिग्गजों, समर्थकों और शुभचिंतकों की ओर से उन्हें लगातार बधाई संदेश मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट के जरिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय को जन्मदिन की बधाई दी। पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थिरु सी. जोसेफ विजय जी को जन्मदिन की बधाई। मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की प्रार्थना करता हूं। विपक्ष ने नेता राहुल गांधी और वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी मुख्यमंत्री थलापति विजय को उनके 52वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। राहुल गांधी ने अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री विजय के उत्तम स्वास्थ्य और उनके सभी भावी प्रयासों में सफलता की कामना की। उन्होंने आगे कहा कि वह तमिल लोगों के अधिकारों, सम्मान, आकांक्षाओं की रक्षा और तमिलनाडु के विकास के सफर में मुख्यमंत्री विजय के साथ मजबूती से खड़े हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सीएम विजय को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में किए जा रहे प्रयास तमिलनाडु के लोगों की प्रगति और जनकल्याण को निरंतर आगे बढ़ाते रहेंगे। खरगे ने उनके अच्छे स्वास्थ्य, सुखद जीवन और सार्वजनिक जीवन में एक उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री थलापति विजय के इस जन्मदिन पर पूरे तमिलनाडु में उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच भारी उत्साह देखा जा रहा है और सुबह से ही उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 1 जुलाई से 12 शहरों के लिए इंडिगो की सीधी उड़ानें, एनसीआर यात्रियों को मिलेगा बड़ा विकल्प

(एजेंसी) ग्रेटर। नोएडा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 1 जुलाई से इंडिगो एयरलाइंस देश के 12 प्रमुख शहरों के लिए नियमित कमर्शियल उड़ानों का संचालन शुरू करने जा रही है। एयरलाइंस ने इसका विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है और टिकटों की बुकिंग भी खोल दी गई है। इसके साथ ही नोएडा एयरपोर्ट से हवाई यात्रा का दायरा तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि इंडिगो पहले से ही 16 जून से चार शहरों के लिए प्रतिदिन उड़ानों का संचालन कर रही है। वहीं अकासा एयर भी नवी मुंबई और बेंगलुरु से नोएडा के लिए उड़ानें चला रही है और जल्द ही अपने नेटवर्क में और शहर जोड़ने की तैयारी में है। इंडिगो की नई घोषणा के तहत 1 जुलाई से नोएडा एयरपोर्ट से जिन शहरों के लिए उड़ानें शुरू होंगी, उनमें नवी मुंबई, श्रीनगर, जोधपुर, धर्मशाला, भोपाल, देहरादून, बरेली, किशनगढ़, लखनऊ, जयपुर, पंतनगर और चंडीगढ़ शामिल हैं। इन सभी रूटों पर रोजाना फ्लाइट संचालन किया जाएगा। इन नए रूट्स के जुड़ने के बाद नोएडा एयरपोर्ट से कुल 16 शहरों के



लिए नियमित कनेक्टिविटी उपलब्ध हो जाएगी। इससे एयरपोर्ट की उपयोगिता और यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है। इंडिगो वर्तमान में बेंगलुरु, जम्मू, हैदराबाद और अमृतसर के लिए नोएडा एयरपोर्ट से दैनिक उड़ानों का संचालन कर रही है। इन सेवाओं की शुरुआत के बाद से यात्रियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही है और धीरे–धीरे यात्री संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है। एयरपोर्ट अथॉरिटी का मानना है कि जैसे–जैसे नए शहर जुड़ते जाएंगे, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर भारत के प्रमुख एविएशन हब के रूप में उभरेगा। नोएडा एयरपोर्ट से उड़ानों की शुरुआत के बाद एनसीआर के यात्रियों को दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर निर्भरता कम करने का विकल्प मिल गया है। लंबे ट्रैफिक जाम और दूरी की समस्या से जूझ रहे यात्रियों के लिए नोएडा एयरपोर्ट एक सुविधाजनक विकल्प बनता जा रहा है। हालांकि अभी कुछ यात्रियों का अनुभव यह भी है कि कई रूटों पर किराया दिल्ली एयरपोर्ट के समान या कभी–कभी उससे अधिक भी है, लेकिन सुविधा और समय की बचत को देखते हुए लोग नोएडा एयरपोर्ट को प्राथमिकता दे रहे हैं। विभिन्न शहरों के लिए नोएडा और दिल्ली एयरपोर्ट से हवाई किराए की तुलना में मिश्रित रुझान देखने को मिलते हैं। कुछ रूटों पर नोएडा से टिकट महंगे हैं, जबकि कुछ पर लगभग समान या थोड़े कम भी हैं। उदाहरण के तौर पर अमृतसर के लिए नोएडा से किराया लगभग 3038 से 3390 रुपये के बीच है, जबकि दिल्ली से यह 3007 से 5019 रुपये के बीच है। वहीं मुंबई के लिए नोएडा से किराया 10336 रुपये तक पहुंचता है, जबकि दिल्ली से यह 5639 से 5939 रुपये के बीच रहता है। श्रीनगर रूट पर भी बड़ा अंतर देखने को मिलता है, जहां नोएडा से किराया 11804 से 17847 रुपये तक है, जबकि दिल्ली से यह 8240 से 16782 रुपये के बीच है। भोपाल के लिए नोएडा से किराया लगभग 4267 से 4620 रुपये है, जबकि दिल्ली से 4187 से 4218 रुपये के बीच है। बेंगलुरु रूट पर नोएडा से 8398 से 10148 रुपये, जबकि दिल्ली से 9340 से 9501 रुपये का किराया दर्ज किया गया है। धर्मशाला के लिए नोएडा से किराया 4675 से 5028 रुपये है, जबकि दिल्ली से यह 6492 से 10345 रुपये तक पहुंच जाता है। चंडीगढ़, जयपुर, जोधपुर और देहरादून जैसे रूटों पर भी दोनों एयरपोर्ट्स के बीच किराए में अंतर स्थिति के अनुसार बदलता रहता है। विशेषज्ञों का मानना है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सक्रिय होने से एनसीआर क्षेत्र में एयर ट्रैवल का दबाव कम होगा और यात्रियों को बेहतर विकल्प मिलेंगे। दिल्ली एयरपोर्ट पर भीड़ और ट्रैफिक की समस्या के बीच यह नया एयरपोर्ट एक वैकल्पिक केंद्र के रूप में तेजी से विकसित हो रहा है। इंडिगो के अलावा अकासा एयर भी नोएडा एयरपोर्ट से अपनी सेवाओं का विस्तार कर रही है। वर्तमान में यह एयरलाइन नवी मुंबई और बेंगलुरु के लिए उड़ानें संचालित कर रही है और जल्द ही अन्य शहरों को जोड़ने की योजना पर काम कर रही है। 1 जुलाई से शुरू होने वाली नई उड़ानों के साथ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होने जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले महीनों में यह एयरपोर्ट उत्तर भारत के सबसे व्यस्त एविएशन हब में से एक बन सकता है, जिससे यात्रियों को समय, सुविधा और कनेक्टिविटी के स्तर पर बड़ा लाभ मिलेगा।

## नीट पेपर लीक और परीक्षा गड़बड़ियों के खिलाफ सीजेपी का धरना तीसरे दिन भी जारी, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग तेज

(एजेंसी) नई दिल्ली। परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों, नीट पेपर लीक मामले और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का धरना सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी जंतर–मंतर पर जारी है। प्रदर्शनकारी शनिवार से धरना स्थल पर डटे हुए हैं और उन्होंने अपनी मांगों को लेकर सरकार पर जवाबदेही तय करने का दबाव बढ़ा दिया है। शनिवार दोपहर शुरू हुआ यह धरना रातभर जारी रहा। पुलिस की मौजूदगी के बीच प्रदर्शनकारी मौके पर बने रहे। इस दौरान कुछ लोग धरनास्थल पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को भोजन और पीने का पानी उपलब्ध कराते भी दिखाई दिए। रविवार को प्रदर्शन स्थल पर नारेबाजी, भाषणों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का माहौल रहा। समर्थक तालियां बजाते, डफली की थाप पर गीत गाते और विभिन्न मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद करते नजर आए। आयोजकों के अनुसार, शाम तक 200 से अधिक लोग प्रदर्शन में शामिल हो चुके थे। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए कहा कि परीक्षा विवादों के मामले में जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि छा त्रों के भविष्य से जुड़े गंभीर मामलों में सरकार पर्याप्त जिम्मेदारी नहीं निभा रही है। दीपके ने उन छात्रों के परिवारों को मुआवजा देने की भी मांग की, जिन्होंने कथित तौर पर पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने से उत्पन्न तनाव के कारण आत्महत्या कर ली। उनका कहना है कि प्रभावित परिवारों को न्याय और आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए। इस बीच,



प्रदर्शनकारियों ने पहले धरनास्थल पर बुनियादी सुविधाओं में बाधा की शिकायत की थी। रविवार को दीपके ने प्रशासन से अपील की कि प्रदर्शन स्थल तक पहुंच पर किसी प्रकार की रोक न लगाई जाए और सार्वजनिक शौचालयों में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बाद में प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पीने के पानी की आपूर्ति बहाल कर दी गई है। धरनास्थल पर मौजूद प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## भरत तिवारी एनकाउंटरः सुप्रीम कोर्ट का तत्काल सुनवाई से इनकार, याचिकाकर्ता को रजिस्ट्रार के पास जाने का निर्देश

(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में दायर याचिका पर जल्द सुनवाई की तारीख तय करने से इनकार कर दिया है। अदालत ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया है कि वह रजिस्ट्रार के समक्ष मामले का उल्लेख करे, जिसके बाद आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी। इस याचिका में घटना की सीबीआई जांच कराने और सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति गठित करने की मांग की गई है। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट के वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर की गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि बिहार के भोजपुर जिले में हुई पुलिस मुठभेड़ में भरत भूषण तिवारी की मौत एक "न्यायेतर हत्या" का मामला हो सकती है, इसलिए इसकी निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच बेहद जरूरी है। याचिका में यह भी मांग की गई है कि एनकाउंटर में शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और पूरे मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए। घटना बिहार के भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौती गांव की बताई जा रही है, जहां बुधवार को पुलिस और एक व्यक्ति के बीच फायरिंग हुई थी। पुलिस का दावा है कि अभियान के दौरान भरत भूषण तिवारी ने पुलिस टीम पर गोली चलाई, जिसके बाद आत्मरक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इस गोलीबारी में भरत भूषण तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें पटना मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई थी। इस बीच बिहार सरकार ने भी मामले को लेकर न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते



हुए लिखा कि बिलौती गांव में हुई मुठभेड़ की जांच पटना हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में कराई जाएगी। सरकार का कहना है कि इस जांच से पूरे घटनाक्रम की निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ समीक्षा सुनिश्चित होगी। उधर, इस मामले में प्रशासनिक कार्रवाई भी की गई है। बिहार पुलिस ने एक थाना प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई एक कथित वीडियो सामने आने के बाद की गई, जिसमें एक हथियारबंद व्यक्ति पुलिस बल की ओर पिस्तौल ताने हुए दिखाई दे रहा है और पुलिसकर्मियों पर समय पर प्रतिक्रिया न देने के आरोप लगाए गए हैं।

## राम मंदिर चंदा मामले पर विपक्ष को निशिकांत दुबे का जवाब

### बोले-जो राम को काल्पनिक मानते थे, वही बयानबाजी कर रहे

(एजेंसी) भागलपुर अयोध्या के राम मंदिर में हुए चंदा चोरी मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जांच के लिए एसआईटी गठित की और भरोसा जताया है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। दूसरी ओर, विपक्ष की ओर से बयानबाजी जारी है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि जो कल तक राम को काल्पनिक मानते थे, वे इस मुद्दे पर बयानबाजी कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी की सरकारों में राम भक्तों पर तो गोलियां तक चलाई गई थीं। कांग्रेस के लिए गांधी परिवार ही भगवान है पर हमारे लिए तो राम, कृष्ण सहित अन्य देवी देवता ही भगवान हैं, जिन्हें हम पूजते हैं। भागलपुर में बातचीत के दौरान भाजपा सांसद ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भारत माता की जय नहीं कहा। वह तो इंदिरा को इंडिया मानते थे। यह सिलसिला नेहरू काल से ही चला आ रहा है। इसमें कोई नई बात नहीं है। कांग्रेस पार्टी सिर्फ व्यक्तिवाद की पूजा करती है। वे भगवान को कहां से मानेंगे। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पीएम मोदी के उस बयान का समर्थन किया, जिसमें उन्होंने कहा कि विभाजन के समय पूरे बंगाल को पाकिस्तान का हिस्सा बनाने की कोशिश हुई थी, लेकिन राष्ट्रवादी शक्तियों के प्रयासों से पश्चिम बंगाल भारत में बना रहा। निशिकांत दुबे ने बातचीत में अपने लेख का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 5 मार्च 1947 को यह प्रस्ताव पारित किया कि बंगाल का विभाजन होगा, कोलकाता से नोआखली तक हिंदू–मुस्लिम के बीच दंगे हुए, भीषण रक्तपात हुआ, लेकिन प्रधानमंत्री बनने के सपने को पूरा करने के लिए नेहरू ने भौगोलिक स्थिति को भी दरकिनार कर भारत का बंटवारा किया। बंगाल की तत्कालीन विधानसभा में कांग्रेस के सभी हिंदू तथा मुसलमान विधायकों ने विभाजन के पक्ष में वोट डाला। प्रस्ताव के पारित होने के बाद 30 जून 1947 को जस्टिस



विपिन कुमार मुखर्जी के नेतृत्व में एक बंटवारा कमीशन बना जिसने आनन–फानन में अपनी रिपोर्ट अगस्त 1947 यानी केवल 30 दिन में सौंपी, तथा 19 अगस्त 1947 को यह केवल माउंटबेटन के आदेश से लागू हो गया, चिकन नैक से लेकर चौबीस परगना, असम, त्रिपुरा, और मेघालय तक हम जल, जंगल, जमीन, और जोरू की लड़ाई बांग्लादेश से इसी नेहरू–गांधी परिवार के कारण लड़ रहे हैं। बिहार के भोजपुर एनकाउंटर वाले मामले पर भाजपा सांसद ने कहा कि सीएम सम्राट चौधरी ने जांच के आदेश दिए हैं। जांच के बीच किसी भी तरह से यह कहना कि यह एनकाउंटर फेक था या नहीं, अभी ठीक नहीं रहेगा। जब पूरी जांच हो जाएगी तो सच सामने आएगा। बिहार के सीएम पर भरोसा किया जाना चाहिए। पाकिस्तान की धमकी पर भाजपा सांसद ने कहा कि पाकिस्तान को सिंधु जल का पानी नहीं मिलने वाला है। ओवैसी की ओर से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से की गई अपील पर भाजपा सांसद ने कहा कि वे मेरे मित्र हैं, लेकिन उन्हें समझना होगा कि अवैध रूप से बनाए गए धार्मिक स्थलों पर कार्रवाई तो जरूर सुनिश्चित की जाएगी। उन्हें तो प्रशासन की कार्रवाई का समर्थन करना चाहिए।

## लखनऊ कोचिंग सेंटर अग्निकांडः 15 बच्चों की मौत

### - अलीगढ़ दौरा छोड़कर वापस लौटे सीएम योगी उच्च स्तरीय जांच के दिए आदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। शहर के अलीगंज स्थित एक कोचिंग सेंटर में भीषण हादसा हुआ। इस हादसे में 15 बच्चों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ अग्निकांड की सूचना मिलने पर अपना अलीगढ़ दौरा बीच में ही रद कर दिया। उन्हें लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ही इस हादसे की जानकारी मिली, इसके तत्काल बाद मुख्यमंत्री राजधानी लखनऊ के लिए प्रस्थान कर गए। अलीगढ़ में आयोजित




लोकार्पणध्शिलान्यास कार्यक्रम में संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने जनसमूह से कहा कि मेरी इच्छा थी कि यहीं रहूं। लेकिन अभी–अभी जानकारी मिली है कि लखनऊ में एक दुर्घटना हुई है और कुछ बच्चे अग्निकांड की चपेट में आए हैं। इसमें कुछ बच्चों की दुखद मौत हो गई है। प्रशासन राहत कार्यों में लगा है। मुझे भी इस दुखद घटना के कारण तत्काल वापस लखनऊ जाना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने घायलों के उचित इलाज का भी निर्देश।

# सम्पादकीय

## भाजपा की गज़ब की तैयारी

कर्नाटक विधान परिषद के चुनाव ने भाजपा के नेतृत्व वाले विपक्षी खेमे में खलबली मचा दी है। मै नफीस जाफरी आपको यहां यह बता दूं कि सत्ताधारी कांग्रेस के सात में से पांच सीटें जीतने के बाद, भाजपा ने उन विधायकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की बात कही है जिन्होंने क्रॉस–वोटिंग की थी। इस चुनाव ने कांग्रेस को अप्रत्याशित बढ़त दिलाई और भाजपा तथा उसके सहयोगी दल जनता दल



नफीस जाफरी

एस के भीतर की दरारों को उजागर कर दिया। जहाँ भाजपा दो सीटें जीतने में सफल रही, वहीं जनता दल एस अपनी एकमात्र सीट भी नहीं बचा सकी। वहीं दूसरी ओर कर्नाटक विधान परिषद चुनाव में विधायकों की क्रॉस वोटिंग को लेकर भाजपा बुरी तरह से भड़की नजर आ रही है। बीते दिनों भाजपा ने क्रॉस वोटिंग मामले की जांच के लिए 3 सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। अब इस क्रॉस वोटिंग की जांच के लिए भाजपा मंदिर में एक अहम बैठक करने जा रही है। जहां विधायकों को भगवान की कसम खिलाकर यह पूछा जाएगा कि वोटिंग पार्टी के पक्ष में की, या किसी विरोधी के पक्ष में। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र ने क्रॉस–वोटिंग को विश्वासघात बताते हुए कहा कि इस मामले को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सच्चाई सामने लाने और जवाबदेही तय करने के लिए जल्द ही धर्मस्थल में भाजपा विधायक दल की बैठक आयोजित की जाएगी। विजयेंद्र ने संकेत दिया कि भाजपा विधायकों से वहां भगवान मंजूनाथ (भगवान शिव) के सामने कसम लेने और सच बोलने को कहा जा सकता है। मालूम हो कि दक्षिण कन्नड़ जिले में नेत्रावती नदी के तट पर स्थित धर्मस्थल का लगभग 800 वर्षों का इतिहास है। मान्यता है कि भगवान मंजूनाथ के सामने झूठ बोलने वाले को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ते हैं। विजयेंद्र ने कहा, "हाल के विधान परिषद चुनाव में भाजपा विधायकों की ओर से कम से कम चार क्रॉस–वोटिंग होने की चर्चा मीडिया, प्रेस और सोशल मीडिया में है। हमारे कार्यकर्ताओं ने विधायकों के इस व्यवहार पर नाराजगी जताई है। इससे हमारे 63 विधायकों पर संदेह पैदा हुआ है।" उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते यह घटनाक्रम उन्हें व्यथित कर रहा है। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मैं इस मामले को अंत तक पहुंचाना चाहता हूं। मैंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से बात की और उन्हें स्थिति बताई। उन्होंने स्पष्टीकरण मांगा है। मैं और विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक दिल्ली जाकर पूरी जानकारी देंगे। विजयेंद्र ने बताया कि क्रॉस–वोटिंग मामले की जांच के लिए सी. टी. रवि, महेश तेंगिनकाई और एन. महेश की एक तथ्य–जांच समिति गठित की गई है। उन्होंने कहा कि विधायक दल की बैठक इसी सप्ताह धर्मस्थल में हो सकती है और वहीं सच्चाई सामने आनी चाहिए। उन्होंने कहा, "मैंने निर्णय लिया है कि विपक्ष के नेता आर. अशोक से भी इस संबंध में बात करूंगा। परिषद चुनाव में मतदान गोपनीय था, लेकिन हमें जनता के सामने सच्चाई रखनी होगी, पार्टी की प्रतिष्ठा बचानी होगी और कार्यकर्ताओं की शंकाएं दूर करनी होंगी। इसलिए विधायक दल की बैठक जल्द से जल्द धर्मस्थल में होनी चाहिए और जिन्होंने पार्टी के साथ विश्वासघात किया है, उन्हें सामने आना होगा।" विजयेंद्र ने कहा कि चाहे व्यक्ति कितना भी बड़ा क्यों न हो, सभी भगवान में आस्था रखते हैं और सभी विधायकों को धर्मस्थल आना होगा, जहां सच्चाई सामने आएगी और मामला तय होगा। गौरतलब है कि बीते गुरुवार को हुए विधान परिषद चुनाव में कांग्रेस ने सात में से पांच सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि भाजपा को दो सीटें मिलीं. जेडी(एस) अपनी एकमात्र सीट भी नहीं जीत सकी।

## बढ़ती आर्थिक चुनौतियां

समीर

वित्त मंत्रालय के मुताबिक तीन कारणों से दुनिया नया आकार ले रही हैरू महाशक्तियों में प्रतिस्पर्धा, पश्चिमी गठबंधन में दरार, और मैनुफैक्चरिंग में चीन का वर्चस्व। इसके अनुरूप ढलने के लिए भारत के पास बहुत कम वक्त है।

बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच वैश्विक आपूर्ति शृंखला में आए बदलावों से तालमेल बनाने के लिए भारत के पास एक बहुत छोटी खिड़की मौजूद है। यह बात केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने स्थायी संसदीय समिति के सामने कही। बताया गया कि चीन ने अपने नए कानून के तहत वहां स्थित आपूर्ति शृंखला को बाधित कर दिया है। वहां से अपने कारखाने हटाने वाली कंपनियों को वह दंडित कर रहा है। इससे भारत में मैनुफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए अपनाई गई नीति के सामने मुश्किलें खड़ी हुई हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस समय ये तीन परिघटनाएं दुनिया को नया आकार दे रही हैरू बड़ी ताकतों में प्रतिस्पर्धा, पश्चिमी गठबंधन में दरार, और मैनुफैक्चरिंग में चीन का प्रभुत्व।

मंत्रालय ने कहा कि इन परिवर्तनों पर भारत को अधिक फुर्तीला और रणनीतिक प्रतिक्रिया दिखानी होगी। ऐसा करने के लिए देश के पास श्बहुत छोटा अवसरश् है। मंत्रालय ने कहा कि महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा के तहत व्यापार, तकनीक, और वित्त का उपयोग सामान्य लाभ उठाने के बजाय रणनीतिक हितों के मुताबिक किया जा रहा है। इसी क्रम में चीन ने अपने यहां से कारखाना, तकनीक, या विशेषज्ञों को दूसरे देशों में– खासकर भारत ले जाने की राह में कानूनी रुकावट खड़ी कर दी है। भारत में साझा उद्यम या देशी निवेश के तहत लगाए जा रहे कारखानों की इन मामलों में चीन पर निर्भरता रही है। स्पष्टतरू ये दोनों परिघटनाएं भारत के लिए चुनौती बनकर आई हैं।

हालांकि यूरोप और अमेरिका के बीच पड़ती दरार को वित्त मंत्रालय ने भारत के लिए अवसर के रूप में देखा है, मगर इसका लाभ उठाने के लिए तुरंत खुद को तैयार करने की चुनौती उसके सामने है। मंत्रालय ने माना कि इसके लिए ज्यादा वक्त नहीं है। कहा जा सकता है कि वित्त मंत्रालय को बदल रही दुनिया का सही अहसास है। मगर, नई परिस्थितियों के मुताबिक नजरिए एवं नीतियों में जिस तरह के आमूल परिवर्तन की जरूरत है, उसकी समझ का संकेत उसने नहीं दिया है। क्या बिना घरेलू बाजार के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किए, नए बाहरी हालात का मुकाबला किया जा सकता है– यह बुनियादी सवाल है।

# डीएमके और टीएमसी की हार से कांग्रेस खुश न हो



गुलफिशा खान

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अपनी पार्टी को मजबूत करने के लिए ट्रेनिंग कैंप (प्रशिक्षण शिविर) चला रही है, जहां रायपुर में एक ही स्थान पर सभी जिलाध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को राजनीति की ट्रेनिंग दी जाएगी। यह कैंप 20 जून यानी शनिवार से शुरू हो गया है, जो 29 जून तक चलेगा। गौरतलब है कि कैंप में बताया जाएगा कि कांग्रेस जिला अध्यक्षों को जमीनी स्तर पर कैसे मजबूत करना है। लोगों को कांग्रेस कैसे जोड़ना है। सरकार की नाकामियों के बारे में बताया जाएगा और कैसे कांग्रेस कार्यकर्ता अपने–अपने क्षेत्र में लोगों को सरकार के फैसलों से होने वाली परेशानियों के बारे में बताएंगे। साथ ही यह भी बताया जाएगा कि सरकारी कामों से आम लोगों को नुकसान पहुंच रहा है। प्रशिक्षण के तहत जिला अध्यक्ष क्षेत्र का दौरा करेंगे और श्रमदान करेंगे। वह गांव में रात्रि विश्राम करेंगे और इसके साथ ही विषय विशेषज्ञ विभिन्न समसामयिक विषयों की जानकारी देंगे। अब बात कांग्रेस के अप्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोगी दलों की तो गौरतलब है कि .एक–दूसरे के बिना नहीं रह सकते, ना तो क्षेत्रीय दल और ना ही कांग्रेस। यदि क्षेत्रीय दल कमजोर होंगे तो कांग्रेस यह नहीं कह सकती कि उसे कोई फायदा होगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि यदि भारत के मैप को देखेंगे तो बिहार, तमिलनाडु, यूपी, दिल्ली, ओडिशा, आंध्र प्रदेश समेत 7 राज्यों में कांग्रेस के पास सिर्फ सिंगल डिजिट में वोट शेयर है। कांग्रेस की हालत यह है कि वह केरल के अलावा किसी भी राज्य में 20 से ज्यादा सीटें नहीं जीत सकती है। ऐसे में वह कैसे सत्ता की ओर बढ़ पाएगी? पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक रशीद किदवई की मानें तो सहयोगी दलों की मदद के बिना कांग्रेस के लिए किसी भी राज्य में डबल डिजिट सीटें जीतना मुश्किल है। अरविंद केजरीवाल को दिल्ली में हार का सामना करना पड़ा। तमिलनाडु में







स्टालिन की कुर्सी भी चली गई। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का किला भी ढह गया। हालांकि, एक समय ऐसा माना जा रहा था कि केजरीवाल, स्टालिन और ममता को कोई हिला नहीं पाएगा। ममता बनर्जी को भी ऐसा लगता था, इसलिए उन्होंने कांग्रेस का हाथ भी झटक दिया था। लेकिन जब बंगाल में टीएमसी का किला ढहा, तो कुछ राजनीतिक विश्लेषकों को लगा कि इसका कहीं न कहीं कांग्रेस को फायदा मिलेगा। ऐसे में रशीद किदवई ने कहा कि किसी भी राज्य में कांग्रेस, क्षेत्रीय पार्टियों के बिना खड़ी नहीं रह सकती है। कांग्रेस की कमजोर नस का जिक्र करते हुए रशीद किदवई ने कहा, बंगाल, तमिलनाडु, बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और दिल्ली, इन सात राज्यों में लगीाग 247 लोकसभा सीटें हैं। आपको जानकार हैरानी होगी कि यहां कांग्रेस का वोट शेयर सिंगल डिजिट में हैं। 4, 6, 7, परसेंट, ऐसे में कांग्रेस के नेता कैसे कल्पना कर सकते हैं कि वो बिना क्षेत्रीय पार्टियों के चुनाव लड़ सत्ता हासिल कर सकते हैं। इन 247 सीटों के लिए कांग्रेस को किसी न किसी क्षेत्रीय पार्टी का हाथ थामना ही पड़ेगा। रशीद किदवई ने बताया, श्सिर्फ केरल ही ऐसा राज्य है, जहां कांग्रेस अपने दाम पर 20 लोकसभा सीटें जीतने का दम रखती है। इसके अलावा हर राज्य में कांग्रेस को क्षेत्रीय पार्टियों की मदद की जरूरत होगी ही होगी। इसकी एक वजह यह भी है कि कांग्रेस के पास ज्यादातर राज्यों में अपना ग्राउंड लेवल पर वो कैडर नहीं है, जो क्षेत्रीय पार्टियों के पास है. पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 99 सीटें मिली, जिनमें से लगभग 37 सीटें उन्हें क्षेत्रीय पार्टियों की वजह से मिली थीं। अगर क्षेत्रीय पार्टियों का साथ नहीं मिलता, तो कांग्रेस सिर्फ 50 से 60 सीटों के बीच में सिमट कर रह जातीं.। ऐसे में बंगाल में अगर टीएमसी और तमिलनाडु में डीएमके की हार हुई है, तो इससे कांग्रेस को खुश होने की जरूरत नहीं है। हां, इतना जरूर है कि टीएमसी के तेवर कुछ ढीले हुए हैं। ये पिछले दिनों हुई इंडिया ब्लॉक की बैठक में भी देखने को मिला। कांग्रेस भी इस बात को अच्छे से समझती है कि क्षेत्रीय पार्टियों की मदद के बिना उसका गुजारा नहीं चलने वाला है। इसलिए इंडिया ब्लॉक की बैठक में सोनिया गांधी ने खुले दिल से ममता बनर्जी को गले से लगाया।

# शिंदे की बढ़ी हुई ताक़त भाजपा के लिए चुनौती न बन जाए



फरीद वारसी

महाराष्ट्र की राजनीति का मौसम इन दिनों लगातार बदल रहा है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद ओमराजे निंबालकर के शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट के साथ जाने का एलान करने के साथ ही उद्धव ठाकरे के खिलाफ मानो ऑपरेशन टाइगर फिर से ऑन हो गया है। इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की प्रतिक्रिया भी आई है। शिंदे बोले की हम कोई ऑपरेशन अधूरा नहीं छोड़ते जबक देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ऑपरेशन सफल रहा है, पेशेंट की रिपोर्ट आ जाएगी। अब बात उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की तो मालूम हो कि शिवसेना यूबीटी के छह सांसद जल्दी ही औपचारिक रूप से एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना का दामन थामने वाले हैं। लोकसभा अध्यक्ष को वे इस बारे में पत्र दे चुके हैं। उनके अलग गुट का शिवसेना में विलय एक औपचारिकता ही बची है, जो इसी सप्ताह पूरी की जा सकती है। इस घटनाक्रम का महाराष्ट्र की राजनीति पर दूरगामी परिणाम पड़ने की संभावना है। छह सांसदों के विलय के बाद एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के लोकसभा में 13 सांसद हो जाएंगे। वह लोकसभा में संख्या बल के हिसाब से महाराष्ट्र में कांग्रेस की बराबरी पर पहुंच जाएगी। कांग्रेस के पिछले लोकसभा चुनाव में 13 सांसद जीत कर आए थे। वहीं भाजपा 9 सीटों के साथ अब तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी। यह भाजपा के लिए मनमाफिक स्थिति नहीं होगी, क्योंकि उसने राज्य में अब खुद को बड़े भाई की भूमिका में स्थापित कर लिया है। लोकसभा चुनाव में लगे झटके से उबरकर पार्टी ने कुछ ही महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हुए 132 सीटें जीती थीं। यही नहीं, स्थानीय निकाय के चुनाव में भी भाजपा ने फडणवीस के नेतृत्व में झंडा गाड़ा। नगर परिषदों और नगर पंचायतों की कुल 6,859 वार्ड सीटों में भाजपा ने अकेले 3,091 सीटों पर जीत दर्ज की। 288 नगर परिषद–नगर पंचायत अध्यक्ष पदों में से 117 पर भाजपा, 53 पर शिवसेना शिंदे गुट और 37 पर एनसीपी ने जीत हासिल की। भाजपा ने 29 नगर निगमों में से अधिकांश मेयर पदों पर कब्जा जमाया और सबसे प्रतिष्ठित बीएमसी का मेयर पद भी अपनी झोली में डाला। वैसे ठाणे और कल्याण–डोंबिवली में एकनाथ शिंदे ने अपना वर्चस्व कायम रखा। हालांकि, शिवसेना यूबीटी के छह सांसदों की इस बगावत को भाजपा का आशीर्वाद भी प्राप्त है। माना जा रहा है कि मॉनसून सत्र में परिसीमन और महिला आरक्षण को लेकर संविधान संशोधन विधेयकों के लिए दो–तिहाई बहुमत जुटाने के उद्देश्य से ही भाजपा ने शिंदे को इस ऑपरेशन टाइगर के लिए हरी झंडी दी थी। शिवसेना के स्थापना दिवस कार्यक्रम के एक दिन बाद महाराष्ट्र के दौरे पर गए गृह मंत्री अमित शाह ने यह कह कर शिंदे के हौसले बढ़ा दिए कि अब एक ही शिवसेना है। उन्होंने मुस्कराते हुए कहा कि पहले एकनाथ शिंदे के नाम के आगे शिंदे गुट लगाना पड़ता था, लेकिन अब केवल एक ही शिवसेना रह गई है, अब कोई अन्य गुट बाकी नहीं रहा है। मॉनसून सत्र से पहले पश्चिम बंगाल में भाजपा की निगरानी में टीएमसी का एक ऐसा ही ऑपरेशन हो चुका है, जिसमें 28 में से 20 सांसदों ने अलग होकर एक गुमनाम राजनीतिक दल एनसीपीआई में विलय कर लिया। इस बारे में स्पीकर के फैसले का इंतजार है। वहीं दूसरी ओर लेकिन 13 सांसदों के साथ वह केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए दबाव बनाने से नहीं चूकेंगे। अभी 16 सांसदों वाली टीडीपी और 12 सांसदों वाली जेडीयू के पास एक कैबिनेट और एक राज्य मंत्री हैं। इस तरह बढ़ी ताकत के हिसाब से शिवसेना का दावा एक कैबिनेट पोस्ट पर बनता है। टीएमसी के बागी सांसदों



महाराष्ट्र की राजनीति में एकनाथ शिंदे और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच मतभेद की खबरें आती रहती हैं। शिंदे के दिल्ली दौरों में यह बात कही जाती है कि वे मतभेद के मुद्दों को पार्टी आलाकमान के साथ रखते हैं। वैसे भी 2024 में उन्हें मुख्यमंत्री पद नहीं मिलने से उनसे समर्थक आज भी हताश दिखते हैं। लेकिन अब बदली परिस्थितियों में शिंदे की मोलभाव करने की ताकत बढ़ने की संभावना है। शिंदे के इन तेवरों का परिचय भाजपा को पहले ही मिल चुका है, जब लोकसभा और विधानसभा चुनावों में वे अपने हिस्से में ज्यादा से ज्यादा सीटें लेने के लिए भाजपा पर दबाव डाल चुके हैं। यह भी संभावना है कि 13 सांसदों के साथ उनकी नजरें मोदी मंत्रिपरिषद के संभावित फेरबदल पर होगी। अभी तक उनके पास एक ही मंत्रालय है। अभी सात सांसदों के हिसाब से उनके दल को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। पार्टी के प्रताप राव जाधव आयुष मंत्री बनाए गए हैं। को भी इसी फार्मूले के तहत एक कैबिनेट और एक राज्य मंत्री मिलने की बात कही जा रही है। शिंदे केवल केंद्र में अपनी ताकत बढ़ाने पर ही नहीं लगे हैं। वे राज्य में पार्टी के विस्तार की रणनीति को भी जमीन पर उतार रहे हैं। उनके बेटे और सांसद श्रीकांत शिंदे राज्य की 160 विधानसभाओं के दौरे पर हैं। साथ ही स्थानीय निकाय के चुनावों में भी उनकी पार्टी ने पूरी ताकत झोंकी। उनकी योजना संगठन को मजबूत करने की भी है और इसीलिए उनकी नजरें शिवसेना यूबीटी के सांगठनिक ढांचे पर लगी है। बड़ी संख्या में बीएमसी में पार्षदों के टूट की बात कही जा रही है। शिंदे अपनी पार्टी का विस्तार मुंबई और उसके आसपास के इलाकों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी करना चाहते हैं। वे काम करने वाले नेताओं को मौका देना चाहते हैं। इसीलिए पार्टी के स्थापना दिवस के कार्यक्रम में जब उनके बेटे के प्रमोशन की मांग की गई तो उन्होंने यह कहकर खारिज कर दिया कि यह उनके काम और प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। यह शिवसेना यूबीटी के नेताओं को भी संदेश है, क्योंकि छह बागी सांसद इसलिए भी नाराज बताए जाते हैं कि वे आदित्य ठाकरे को आगे करने के उद्धव ठाकरे के फैसले से सहमत नहीं हैं। इस तरह शिंदे 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी को मजबूत कर रहे हैं। राज्य में भाजपा और अविभाजित शिवसेना के बीच बड़े भाई और छोटे भाई को लेकर रस्साकशी होती आई है। यानी कौन किस चुनाव में कितनी सीटों पर लड़ेगा, इसे लेकर मोलभाव होता रहा है। जब 1989 में शिवसेना–भाजपा का औपचारिक गठबंधन हुआ था तो भाजपा 22 और शिवसेना सिर्फ छह लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ी थी। लेकिन 2019 आते–आते भाजपा 25 और शिवसेना 23 सीटों पर चुनाव लड़ने लगी थी। ऐसे में भाजपा को अपनी मजबूत सीटें भी गंवानी पड़ी। जैसे कल्याण और दक्षिण मुंबई जैसी सीटें शिवसेना के हिस्से में चली गईं। एकनाथ शिंदे 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं भूले होंगे, जब भाजपा ने राज्य की 48 में से 28 सीटों पर चुनाव लड़ा और उन्हें केवल 15 सीटें दी गई थीं। जहां बीजेपी 32 प्रतिशत स्ट्राइक रेट के साथ 28 में से केवल 9 सीटें ही जीत सकी वहीं 46.66 प्रतिशत स्ट्राइक रेट के साथ शिवसेना शिंदे ने 15 में से सात सीटें जीती थीं। एनसीपी अजित पवार को चार सीटें दी गई थीं, जिनमें वह एक ही जीत सकी। एक सीट राष्ट्रीय समाज पक्ष को दी गई थी, जो वह नहीं जीत सकी। लेकिन अब एक नई चुनौती भी आएगी. शिवसेना यूबीटी के जो छह सांसद शिंदे के साथ आ रहे हैं, उनमें से तीन ने पिछले लोकसभा चुनाव में शिवसेना शिंदे के उम्मीदवारों को हराया था। हिंगोली से नागेश पाटिल–आष्टीकर ने शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के बाबूराव कदम कोहलीकर को 2,16,335 वोटों के बड़े अंतर से शिकस्त दी थी। जबकि यवतमाल–वाशिम से संजय देशमुख ने शिवसेना (शिंदे गुट) की राजश्री पाटिल को 94,473 वोटों के अंतर से हराया और शिरडी से भाऊसाहेब ने शिवसेना (शिंदे गुट) के सदाशिव लोखंडे को 50,529 वोटों से मात दी थी। बाकी तीन की बात करें तो धाराशिव से ओमप्रकाश राजेनिंबालकर से सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी। इन्होंने एनसीपी (अजीत पवार गुट) की अर्चना पाटिल को 3,29,846 वोटों के भारी अंतर से हराया। जबकि परभणी से संजय जाधव ने महायुति समर्थित राष्ट्रीय समाज पक्ष आरएसपी के प्रमुख महादेव जानकर को 1,34,061 वोटों से पराजित किया। वहीं मुंबई उत्तर पूर्व से संजय दीना पाटिल ने कड़े मुकाबले में बीजेपी के उम्मीदवार मिहिर कोटेचा को 29,861 वोटों से हराया था। शिवसेना के एक नेता के अनुसार, यह सभी छह सांसद इस शर्त पर आ रहे हैं कि अगले लोकसभा चुनाव में उन्हें टिकट दिया जाए। इस नेता का दावा है कि भाजपा ने भी इसके लिए हामी भरी है. पर ऐसा होने पर 2029 लोकसभा चुनाव के लिए शिवसेना का दावा 25 सीटों का हो जाएगा। यह शिंदे की बढ़ी ताकत का प्रदर्शन होगा, जिसे नजरअंदाज करना शायद भाजपा के लिए मुश्किल हो। हालांकि, एक अन्य नेता का कहना है कि तब तक शायद परिसीमन के बाद बढ़ी हुई संख्या के हिसाब से चुनाव हो और ऐसे में शिंदे को एडजस्ट करना मुश्किल नहीं होगा। पर यह तय है कि ताजा घटनाक्रम के बाद शिंदे की बढ़ी ताकत से महाराष्ट्र में महायुति के भीतर आने वाले समय कुछ नए घटनाक्रम भी देखने को मिल सकते हैं।

# मुहर्रम हमें सब्र, कुर्बानी, सच्चाई और एकता का संदेश देता है- मोहम्मद आफ़ाक

संवाददाता लखनऊ। (प्रेस विज्ञप्ति) राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के संयोजक मोहम्मद आफ़ाक ने जारी एक बयान में कहा कि मुहर्रम इस्लामी वर्ष का पहला और अत्यंत बरकत वाला महीना है। यह महीना हमें दीन–ए–इस्लाम की बुलंदी, सत्य के मार्ग पर डटे रहने और अन्याय के सामने झुकने से इंकार करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि माता–पिता और बुजुर्गों की जिम्मेदारी है कि वे नई पीढ़ी को मुहर्रम की ऐतिहासिक महत्ता और कर्बला के महान संदेश से अवगत कराएं, ताकि युवाओं में इस्लामी मूल्यों और नैतिकता के प्रति सम्मान और जागरूकता पैदा हो। मोहम्मद आफ़ाक ने कहा कि हुसैन (रज़ि.) तथा उनके साथियों ने इस्लाम की रक्षा और सत्य की स्थापना के लिए अपनी जानों की कुर्बानी दे दी, लेकिन अत्याचार और जुल्म के सामने सिर नहीं झुकाया। कर्बला की घटना हमें यह शिक्षा देती है कि इंसान को हर हाल में सच्चाई, न्याय, ईमानदारी और नैतिक मूल्यों पर कायम रहना चाहिए, चाहे इसके लिए कितनी भी बड़ी कुर्बानी क्यों न देनी पड़े। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि आज हमारा समाज इस्लामी शिक्षाओं और नैतिक मूल्यों से दूर होता जा रहा है। हम धर्म और इंसानियत की बातें तो करते हैं, लेकिन अपने व्यवहार और जीवन में उन शिक्षाओं को अपनाने में पीछे रह जाते हैं। आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने चरित्र और आचरण को बेहतर बनाएं तथा समाज में प्रेम, भाईचारा और सद्भाव को बढ़ावा दें। मोहम्मद आफ़ाक ने आगे कहा कि इस वर्ष जुमे के दिन यौमे आशूरा पड़ रहा है, जिसकी बहुत बड़ी फ़ज़ीलत है। हदीसों में इस दिन रोज़ा रखने की विशेष प्रेरणा दी गई है। हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने 9 और 10 मुहर्रम या 10 और 11 मुहर्रम का रोज़ा रखने की शिक्षा दी है। इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि वे इस मुबारक अवसर का लाभ उठाएं, रोज़ा रखें, तौबा व इस्तिग़फ़ार करें और अपने परिवार, समाज तथा देश की खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ करें। उन्होंने कहा कि मुहर्रम का संदेश समाज सुधार, भाईचारा, एकता, सहिष्णुता और मानव सेवा का भी संदेश देता है। आज के समय में आवश्यकता है कि हम आपसी मतभेदों, नफरत और कटुता से ऊपर उठकर देश की तरक्की, अमन–चौन और सामाजिक सौहार्द के लिए मिल–जुलकर कार्य करें। अंत में मोहम्मद आफ़ाक ने सभी देशवासियों से अपील की कि वे मुहर्रम के पवित्र महीने में शांति, भाईचारे और धार्मिक सौहार्द को बढ़ावा दें तथा देश की उन्नति, सुरक्षा और समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थना करें। मोहम्मद आफ़ाक संयोजक राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन मोबाइल– 9721786572



# लूट के दो आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

## -लूट के नगदी सहित तमंचा व कारतूस बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर श्री सौरभ सिंह के नेतृत्व में व्यक्ति को तमंचा दिखाकर लूटने वाले 02 अभियुक्तों को थाना पैलानी पुलिस द्वारा मुठभेड़ में गिरतार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना पैलानी क्षेत्र के ग्राम गड़ोला के रहने वाले संदीप पुत्र रामप्रताप के साथ दिनांक 20.06.2026 की शाम में चाटध्चाउमीन आदि की बिक्री कर घर जाते समय ग्राम नरौली के पास मोटरसाइकिल सवार बदमाशों द्वारा तमंचा दिखाकर लूट की घटना को अंजाम दिया गया था । जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पैलानी में अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्तों की गिरतारी के प्रयास किए जा रहे थे इसी क्रम में दिनांक 21ध्22.06.2026 की रात्रि को थाना पैलानी पुलिस को ग्राम मरझा–पड़ेरी मार्ग पर एक मोटरसाइकिल के साथ संदिग्ध व्यक्तियों के बैठे होने की सूचना प्राप्त हुई जो सम्भवतः किसी घटना को अंजाम देने वाले है । सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबन्दी करते हुए पकड़ने का प्रयास किया गया तो उक्त लोगों द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर की गई । पुलिस द्वारा जवाबी कार्यवाही करते हुए तत्परता से घेरकर दो अभियुक्तों को पकड़ लिया गया जबकि एक अभियुक्त अन्धेरे का फायदा उठाते हुए भाग गया जिसकी गिरतारी के प्रयास



किए जा रहे है । अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 अवैध तमंचे, 02 जिन्दा कारतूस व 02 खोखा कारतूस सहित लूट के 03 हजार रुपए आदि बरामद हुए है । पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उनके द्वारा एक व्यक्ति को तमंचा दिखाकर रुपए आदि लूटने की घटना को अंजाम दिया गया था साथ ही बताया कि आज पुनः वे लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में थे । इस सम्बन्ध में पुलिस टीम द्वारा और गहनता से जांच की जा रही है कि इनके द्वारा और किन–किन स्थानों और कितने से लोगों के साथ इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया गया है । बता दें कि अभियुक्त राम उर्फ भास्कर पुत्र जयनारायन पर पूर्व में भी लूट और हत्या के भी मामलें दर्ज है ।

अभियुक्तों के कब्जे से 03 हजार रुपए नकद (लूट के) 01 मोटरसाइकिल (घटना में प्रयुक्त) 02 अवैध तमंचा (घटना में प्रयुक्त) 02 खोखा कारतूस (घटना में प्रयुक्त) 02 जिन्दा कारतूस 01 आधार कार्ड व 01 पैन कार्ड बरामद हुआ है

पकडे गए अभियुक्त

1. राम उर्फ भास्कर पुत्र जयनारायन निवासी नरौली थाना पैलानी जनपद बांदा ।

2. रवि प्रकाश पुत्र अनिल कुमार निवासी नरौली थाना पैलानी जनपद बांदा के विरुद्ध

1. मु0अ0सं0 139ध26 धारा 309(4) बीएनएस थाना पैलानी जनपद बांदा ।

2. मु0अ0सं0 140ध26 धारा 109(1) बीएनएस व 3ध25 आर्म्स एक्ट थाना पैलानी जनपद बांदा में अभियोग दर्ज किया गया है

आपराधिक इतिहास अभियुक्त राम उर्फ भास्कर उपर्युक्त–

1. मु0अ0सं0– 380ध21 धारा 394ध412 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

2. मु0अ0सं0– 102ध19 धारा 302ध201 भादवि थाना पैलानी जनपद बांदा ।

पकड़ने वाली पुलिस टीम में श्री राम मोहन राय प्र0नि0 थाना पैलानी श्री .ष्ण प्रताप सिंह चौकी प्रभारी खप्टिहाकला उ0नि0 श्री इकरार अहमद उ0नि0 श्री मनोज कुमार यादव उ0नि0 श्री यशवंत सिंह कां0 .ष्ण कुमार यादव का0 अनिल अहिरवार कां0 देवेन्द्र सिंह कां0 सचिन पटेल कां0 निहाल रजा शामिल रहे।

## गौकशी मामले में बड़ा खुलासा, चुनावी प्रतिद्वंद्वी को फंसाने की थी साजिश

न्यूज वाणी ब्यूरो

नूरपुरधबिजनौर . पंचायत चुनावों की सरगर्मियों के बीच नूरपुर क्षेत्र के चांगीपुर गांव में सामने आए गौवंश अवशेष प्रकरण में पुलिस ने बड़ा खुलासा करने का दावा किया है। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले को चुनावी प्रतिद्वंद्विता से जुड़ी साजिश बताते हुए ग्राम प्रधान समेत पांच लोगों को गिरतार कर जेल भेज दिया है। गत 18 जून को गांव के एक ईख के खेत में गौवंशीय अवशेष मिलने से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई थी। घटना के बाद कुछ लोगों द्वारा गांव के ही एक व्यक्ति और उसके साथियों पर आरोप लगाए गए थे। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने विभिन्न बिंदुओं पर जांच शुरू की। पुलिस जांच के दौरान मिले साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर यह बात सामने आई कि गांव में आगामी पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक प्रतिस्पर्धा चल रही थी। पुलिस के अनुसार कुछ लोगों ने चुनावी समीकरण प्रभावित करने और एक संभावित प्रतिद्वंद्वी की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से पूरी घटना की योजना बनाई थी। जांच के बाद पुलिस ने ग्राम प्रधान जगपाल, किरणपाल उर्फ लाला, रामअवतार, ब्रह्मपाल उर्फ संता तथा फैजान उर्फ सोनू को गिरतार कर लिया। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में घटना से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। एक आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और पशुवध से संबंधित उपकरण भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। उनकी गिरतारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। फरार आरोपियों के विरुद्ध भी विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के बाद कार्रवाई की गई है तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पंचायत चुनाव से पहले हुए इस खुलासे ने क्षेत्र की राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है।

## युवती के आत्मदाह प्रयास से हड़कंप, गंभीर हालत में मेरठ रेफर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर । शहर कोतवाली में रविवार देर रात एक युवती द्वारा आत्मदाह का प्रयास किए जाने से हड़कंप मच गया। किरतपुर क्षेत्र निवासी युवती ने कथित रूप से ज्वलनशील पदार्थ डालकर खुद को आग के हवाले कर दिया। पुलिसकर्मियों ने तत्काल आग बुझाकर उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार युवती का एक दुष्कर्म प्रकरण को लेकर विवाद चल रहा है। उसने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था और मामले में कार्रवाई की मांग कर रही थी। बताया जाता है कि संबंधित मामले में न्यायालय के आदेशों के चलते आरोपी की गिरतारी फिलहाल नहीं हो सकी है। रविवार शाम युवती अपनी शिकायत के संबंध में शहर कोतवाली पहुंची थी। वहां अधिकारियों से बातचीत के दौरान वह मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग कर रही थी। इसी बीच उसने अचानक यह कदम उठा लिया। घटना होते ही कोतवाली परिसर में अफरा–तफरी मच गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया और घायल युवती को अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार युवती शरीर के बड़े हिस्से में झुलस गई है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेरठ भेजा गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा भी कोतवाली पहुंचे और अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले की जांच के निर्देश दे दिए गए हैं। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि कोतवाली परिसर में युवती आत्मदाह का प्रयास करने में कैसे सफल हुई। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि युवती के उपचार और मामले की निष्पक्ष जांच दोनों को प्राथमिकता दी जा रही है।

## अज़ादारी का मक़सद इमाम हुसैन (अ.स.) के मिशन को समझना और उसे ज़िंदा रखना है : मौलाना सलमान अली नजफ़ी

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ मजलिस–ए–अज़ा को संबोधित करते हुए मौलाना सलमान अली नजफ़ी ने कहा कि अज़ादारी–ए–इमाम हुसैन (अ.स.) का बुनियादी मक़सद इमाम हुसैन (अ.स.) के महान मिशन को समझना, उसकी शिक्षाओं को अपनी ज़िंदगी में लागू करना और पैग़ाम–ए–कर्बला को आने वाली नस्लों तक पहुँचाना है।

उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन (अ.स.) ने उम्मत–ए–मुहम्मदी (स.) की इस्लाह, अम्र बिल–मअरूफ़ व नहीं अनिल–मुनकर तथा दीन–ए–इस्लाम की बक़ा के लिए अपने अहलेबैत (अ.स.) और वफ़ादार साथियों के साथ बेमिसाल कुर्बानियाँ पेश कीं। अहलेबैत (अ.स.) के मसाइब पर ग़म मनाना, आँसू बहाना और मातम करना मोहब्बत, अकीदत और वफ़ादारी का इज़हार है, लेकिन अज़ादारी का तक़ाज़ा यह भी है कि इंसान इमाम हुसैन (अ.स.) के अफ़कार और तालीमात को समझे तथा उन्हें अपनी व्यक्तिगत और सामाजिक ज़िंदगी का हिस्सा बनाए।

मौलाना सलमान अली नजफ़ी ने आगे कहा कि वाक़िआ–ए–कर्बला हर दौर के इंसान को हक़ और बातिल में फ़र्क़ करने, ज़ुल्म के मुक़ाबले में डटे रहने, सब्र, तक़वा, ईसार और अद्ल व इंसाफ़ क़ायम करने का पैग़ाम देता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे मजलिस–ए–अज़ा से हासिल होने वाले संदेश को अपनी अमली ज़िंदगी में उतारें और सीरत–ए–इमाम हुसैन (अ.स.) को अपने किरदार और अमल का नमूना बनाएं।



अंत में शोहदाए कर्बला को ख़िराज–ए–अक़ीदत पेश किया गया और उपस्थित लोगों ने इमाम हुसैन (अ.स.) के मिशन–ए–हक़ पर क़ायम रहने का संकल्प व्यक्त किया।

## नकली जेवर देने और धन हड़पने के आरोप में बहू के माता-पिता व भाई नामजद

न्यूज वाणी ब्यूरो

अफजलगढ़धबिजनौर . मोहल्ला चिरंजीलाल निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर न्यायालय के निर्देश के बाद पुलिस ने उसकी पुत्रवधू के माता–पिता और भाई के विरुद्ध विभिन्न आरोपों में मुकदमा दर्ज किया है। मामले में धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता महेंद्र कुमार वर्मा ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके पुत्र शोभित वर्मा का विवाह वर्ष 2022 में अजमेर निवासी युवती से हुआ था। विवाह के बाद पुत्रवधू कुछ समय ससुराल में रहने के पश्चात अपने मायके चली गई और बाद में अपने पति के पास विदेश पहुंच गई। महेंद्र वर्मा का आरोप है कि विवाह के समय दिए गए सोने के जेवरात बाद में जांच करने पर नकली पाए गए। उनका कहना है कि इस संबंध में जब पुत्रवधू तथा उसके परिजनों से संपर्क कर जानकारी ली गई तो उन्होंने संतोषजनक जवाब देने के बजाय अभद्रता की और कथित रूप से धमकियां दीं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि उनके पुत्र के स्वामित्व वाली नकदी और कीमती जेवरात भी वापस नहीं किए गए। साथ ही विदेश में रह रहे उनके पुत्र को परेशान करने तथा उसके विरुद्ध झूठे आरोप लगाने की बात भी कही गई है। पीड़ित का कहना है कि मामले की शिकायत पहले स्थानीय पुलिस से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी ळें क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर रिश्वत मांगने का आरोप, यूपी कॉप पोर्टल पर की शिकायत

संवाददाता कुरारा(हमीरपुर) जालौन जनपद के कदौरा थाना क्षेत्र निवासी एक युवक ने ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए यूपी कॉप पोर्टल से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। जालौन जिले के कुसमरा बावनी, पोस्ट उदनपुर,



थाना कदौरा निवासी अखिलेश कुमार पुत्र लालमन ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह अपनी पिकअप संख्या न्च्95 ।ज्6393 से हमीरपुर बस स्टॉप क्षेत्र से गुजर रहा था। इस दौरान उसकी पिकअप की नंबर प्लेट की रिपिट निकल गई थी, जिसे वह लगवाने जा रहा था और नंबर प्लेट पिकप के शीशे के पास रखी हुई थी। आरोप है कि इसी दौरान ट्रैफिक पुलिसकर्मी राजबहादुर ने उसे रोक लिया और नंबर प्लेट नहीं लगी होने की बात कहते हुए 7 हजार रुपये का चालान करने की बात कही। पीड़ित ने जब अपनी समश्या बताई तो ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने चालान से बचाने के लिए 5 हजार रुपये की मांग की। जब उसने रुपये देने से इनकार किया तो उसका 7 हजार रुपये का चालान कर दिया गया। पीड़ित का कहना है कि उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस समेत सभी आवश्यक दस्तावेज मौजूद थे, इसके बावजूद अन्य मदों में भी चालान कर दिया गया। पीड़ित ने यूपी कॉप पोर्टल के माध्यम से पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने और न्याय दिलाने की मांग की है। सरकार की मंशा है कि लोगो को ट्रैफिक नियमो के बारे में जागरुख किया जाए व उन्हें हेलमेड लगाने तथा अन्य नियमो के पालन कर उनसे होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी जाए परंतु ट्रैफिक विभाग जागरुख़ करने के बजाए बस सीधा फ़ोटो खींच चालान करने में जुटा हुआ है।

## लोजपा (रामविलास) का दलित चौपाल-सहभोज सम्मेलन संपन्न, अरुण भारती बोले- अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना लक्ष्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ/लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा आज जनपद सीतापुर के मखुवापुर बाजार छावनी में आयोजित "दलित चौपाल, सामाजिक सहभोज एवं कार्यकर्ता सम्मेलन" कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में दलित, शोषित, वंचित, पिछड़े वर्गों के लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे आयोजन ने सामाजिक समरसता, संगठनात्मक एकता एवं जनसरोकारों के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता का सशक्त संदेश दिया। यह कार्यक्रम लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री आदरणीय श्री चिराग पासवान जी के निर्देश एवं प्रेरणा से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं जमुई सांसद माननीय श्री अरुण भारती जी रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँचाना ही पार्टी का मूल उद्देश्य है। उन्होंने दलित, शोषित एवं वंचित समाज



की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए पार्टी की दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की। मुख्य अतिथि ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) सदैव गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, दलितों एवं पिछड़े वर्गों के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का कार्य करें। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता माननीय श्री धीरेन्द्र कुमार सिन्हा जी, प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री अरविन्द पासवान जी, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अश्वनी श्रीवास्तव जी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री पियूष सोमानी जी, प्रदेश महासचिव एवं मीडिया प्रभारी श्री लोकेश श्रीवास्तव जी प्रदेश महासचिव शारदा श्रीवास्तव जी सहित प्रदेश, मंडल एवं जिला स्तर के अनेक पदाधिकारी, प्रकोष्ठ अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीतापुर जिलाध्यक्ष श्री शंभूनाथ रावत जी ने की। इस अवसर पर संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। सामाजिक सहभोज के माध्यम से समाज में समानता, भाईचारे और एकजुटता का संदेश भी दिया गया। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) सभी सम्मानित पत्रकार बंधुओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र की जनता का हार्दिक आभार व्यक्त करती है, जिनके सहयोग, समर्थन एवं सक्रिय सहभागिता से यह कार्यक्रम ऐतिहासिक, प्रेरणादायक एवं पूर्णतः सफल रहा।

## प्लाट के विवाद को लेकर पीड़ित ने लगाई इंसाफ की गुहार

### –प्रकरण आबादी व सिविल कोर्ट का है–एसडीएम

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता सहारनपुर। अनमोल विहार कालोनी मित्तरगढ़ रोड खसरा नं0 1618 स्थित नानौता प्लाट का विवाद सामने आया है जिसमे पीड़ित द्वारा बताया गया है कि वर्ष 2007 में प्लाट विक्रेता सतीश कुमार पुत्र रामदित्तामल द्वारा 100 वर्ग गज का प्लाट अनिल कुमार शेर सिंह निवासी महाराणा प्रताप कालोनी नानौता के



नाम रजिस्ट्री कर दी गई थी अब फिर से उसी प्लाट की रजिस्ट्री अन्य व्यक्ति द्वारा किसी अन्य व्यक्ति के नाम कर दी गई है,इस सम्बन्ध में पीड़ित उपजिलाधिकारी रामपुर जिलाधिकारी सहारनपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर व थाना नानौता में इंसाफ की गुहार लगा चुका है पीड़ित का कहना है कि मुझे कहीं इंसाफ नही मिल रहा,इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी रामपुर मनिहारान ने बताया पीड़ित द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र अनुसार जाँच में पाया गया है कि प्रकरण आबादी व सिविल कोर्ट का है।

## लगातार हादसों से दहल रहा जिला, फिर छिना एक घर का चिराग

न्यूज वाणी ब्यूरो/बिजनौर । जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं में किसी न किसी परिवार को अपनों को खोना पड़ रहा है। रविवार को झकड़ी गांव के पास हुए एक दर्दनाक हादसे में 17 वर्षीय किशोर की जान चली गई, जबकि उसकी बुआ गंभीर रूप से घायल हो गई। घासीवाला उर्फ फिरोजपुर नरोत्तम निवासी शाद पुत्र वसीम अपनी बुआ हुस्नजहां को बाइक से बिजनौर छोड़ने जा रहा था। बताया जाता है कि झकड़ी के निकट निर्माणाधीन ओवरब्रिज के अंडरपास से निकलते समय पीछे से आ रहे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल बिजनौर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान शाद ने दम तोड़ दिया, जबकि हुस्नजहां का इलाज जारी है। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जिले में बीते कुछ सप्ताह के दौरान कई बड़े सड़क हादसे हो चुके हैं। कभी डंपर, कभी ट्रक और कभी तेज रतार अन्य वाहन लोगों की जान के दुश्मन बने हुए हैं। प्रशासन ने दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कई मार्गों पर भारी वाहनों के संचालन पर समयबद्ध प्रतिबंध भी लगाया है, लेकिन इसके बावजूद हादसों में कमी नहीं आ रही है। बैराज चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है तथा डंपर चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हर नए हादसे के साथ एक सवाल फिर सामने खड़ा हो जाता है.क्या सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहे भारी वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण के बिना दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा?

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है।
फैसल चश्में वाले
डा. जमाल अहमद
हाजी खलील अहमद जाफरी
एफ.ए.जाफरी
9415065213
7379440876

# ऑपरेशन कन्विक्शन नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष का कारावास

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराधों के मामले में अभियुक्तों को कड़ी सजा दिलाये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में वर्ष–2022 में थाना बबेरु क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव में नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास व जुर्माने से दण्डित कराया गया । गौरतलब हो कि दिनांक 07.09.2022 को थाना बिसंडा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पारा डभनी के रहने वाले अभियुक्त राकेश कुमार पुत्र बद्री प्रसाद द्वारा थाना बबेरु क्षेत्रान्तर्गत एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया गया था । इस सम्बन्ध में पीड़िता की माँ की तहरीर पर थाना बबेरु पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजी.त किया गया था जिसकी विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी बबेरु श्री राकेश कुमार सिंह द्वारा सम्पादित की गयी। विवेचना के क्रम में विवेचक द्वारा प्रभावी विवेचना करते हुए आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया था। लोक अभियोजक श्री शिवपूजन सिंह द्वारा मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई साथ ही कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी मानवेन्द्र सिंह व दीक्षा श्रीवास्तव तथा पैरोकार आरक्षी चक्रधारी के अथक प्रयासों से अभियुक्त को मा0 न्यायालय बांदा द्वारा धारा 376ध्504 भादवि, 3ध्4 पॉक्सो एक्ट एवं 3(2)5 एससीध्एसटी एक्ट में 20 वर्ष के कठोर कारावास व 22 हजार रुपये के अर्थदण्ड से अभियुक्त–1 राकेश कुमार पुत्र बद्री प्रसाद निवासी पारा डभनी थाना बिसंडा जनपद बांदा को कराया गया

# कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक

## -महिला अपराध, गैंगस्टर और ऑपरेशन कनविक्शन मामलों में तेजी के निर्देश

## -अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर दिलाएं सजा, लंबित मुकदमों का समयबद्ध निस्तारण करें: डीएम

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा, 22 जून। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की संयुक्त अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट, महिला अपराध, पॉक्सो एक्ट तथा अन्य आपराधिक मामलों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने लंबित मुकदमों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराधियों के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। समाज में कानून का राज कायम रखने के लिए अपराधियों को उनके अपराध के अनुरूप सजा दिलाना प्रशासन और अभियोजन विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जबकि निर्दोष लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने महिला एवं बाल अपराधों, पॉक्सो एक्ट तथा गैंगस्टर एक्ट के मामलों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए न्यायालय में मजबूत पैरवी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पुलिस और अभियोजन विभाग समन्वय के साथ कार्य करें ताकि गंभीर अपराधों में शामिल आरोपियों को शीघ्र सजा दिलाई जा सके। जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कनविक्शन के अंतर्गत चिन्हित बड़े अपराधियों को सजा दिलाने, गुण्डा एक्ट के तहत त्वरित कार्रवाई करने तथा लगातार अपराध करने वालों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस छोटी से छोटी घटना को भी गंभीरता से लेकर तत्काल कार्रवाई करे, जिससे भविष्य में किसी बड़ी घटना की आशंका को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि महिला एवं बच्चों से जुड़े मामलों में सरकार विशेष रूप से संवेदनशील है। ऐसे मामलों में त्वरित विवेचना, प्रभावी पैरवी और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कर पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायपालिका का सहयोग सराहनीय है और अपराध करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को कानून के अनुसार सजा मिलनी चाहिए, जिससे समाज में कानून के प्रति विश्वास और अपराधियों में भय का वातावरण बना रहे। बैठक में एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता, फौजदारी, पॉक्सो, राजस्व, दीवानी एवं गैंगस्टर एक्ट से जुड़े अधिकारी तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




# निजी उपयोग हेतु 100 घन मीटर तक मिट्टी खनन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य

## –माइन मित्रा पोर्टल पर कराना होगा पंजीकरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच 22 जून। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार साधारण मिट्टी के सम्बन्ध में पूर्व निर्गत समस्त संगत आदेशोंधनिर्देशों को अवक्रमित करते हुए साधारण मिट्टी का 100 घन मी. तक खननध्परिवहन मात्र आनलाइन पंजीकरण के आधार पर तथा 100 घन मी. से अधिक साधारण मिट्टी की मात्रा के खननध्परिवहन के लिए विभागीय पोर्टल माइन मित्रा पोर्टल पर आनलाइन आवेदन कर अनुज्ञा पत्र प्राप्त किया जा सकता है। किसानों को निजी उपयोग हेतु 100 घन मी. तक साधारण मिट्टी के खननध्परिवहन हेतु पोर्टल पर अनुमति के ब्लॉक पर पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। इस हेतु खनन योजना एवं खनन अनुज्ञा पत्र की आवश्यकता नहीं होगी। पंजीकरण हेतु नाम, पता, मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई.डी. भरकर अपना लॉग इन बनाना होगा। इच्छुक किसान अपने खेत, .षि कार्य अथवा अन्य निजी उपयोग हेतु निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है तथा पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नियमानुसार 100 घन मी. तक मिट्टी खनन कार्य कर सकते है। आमजन को सुझाव दिया गया है कि किसी भी प्रकार के अवैध खनन अथवा बिना वैध प्रपत्र के सा. मिट्टी (खनिज) खननध्परिवहन न करें। खनन के लिए पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन खनन अनुज्ञा पत्र प्राप्त किया जाना आवश्यक है। अस सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतु संबंधित तहसील, खनन कार्यालय अथवा माइन मित्रा पोर्टल पर संपर्क किया जा सकता है।

# मुंब्रा-शिलफाटा में पुराने गोदामों पर कार्रवाई रोकने की मांग, AIMIM प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्तऔर महापौर से की मुलाकात



न्यूज वाणी ब्यूरो

मुंब्रा । AIMIM के मुंब्रा कॉर्पोरेटर एवं टीएमसी गटनेता सैफ पठान ने मुंब्रा शहर के उलेमा–ए–किराम के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ ठाणे महानगरपालिका आयुक्त सौरभ राव और महापौर शर्मिला पिंपोलकर से मुलाकात कर मुंब्रा–शिलफाटा क्षेत्र में 25 से 30 वर्ष पुराने गोदामों पर बिना नोटिस दिए की जा रही कार्रवाई को तत्काल रोकने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बिना पूर्व सूचना और कानूनी प्रक्रिया का पालन किए किसी भी प्रकार की कार्रवाई करना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने मांग की पहले प्रभावित लोगों को नोटिस जारी किया जाए, सर्वे कराया जाए, उनका पक्ष सुना जाए और यदि किसी प्रकार की अनियमितता या नियमों का उल्लंघन साबित होता है, तभी कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए। प्रतिनिधिमंडल की बात सुनने के बाद आयुक्त सौरभ राव और महापौर शर्मिला पिंपोलकर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए फिलहाल चल रही कार्रवाई को रोकने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे मामले में आगे की कार्रवाई कानून और निर्धारित नियमों के अनुसार ही की जाएगी। ।प्डप्ड पार्टी के नगरसेवक सैफ पठान ने कहा कि पार्टी हमेशा जनता के अधिकारों की रक्षा और न्याय के लिए आवाज उठाती रहेगी। प्रतिनिधिमंडल में जमीयत–ए–उलेमा के हाफिज करम हुसैन, वाइस प्रेसिडेंट मौलाना अरशद कमाल, सरपरस्त हाफिज मोहम्मद अय्यूब, हाफीज अजमत, अकबर चाचा, निजाम सिद्दीकी, देवनाथ जायसवाल, अफजल खान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मवई बुजुर्ग में भू-माफियाओं ने सरकारी जमीन पर गाड़े पिलर, बीम डालने की तैयारी . ग्रामीणों ने डीएम से की कब्जा हटाने की मांग, 115-C की कार्रवाई के बाद भी नहीं माने दबंग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को ग्राम पंचायत मवई बुजुर्ग के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायत पत्र सौंपकर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के ही दबंग और भू–माफिया किस्म के लोग नवीन परती की जमीन पर पक्का निर्माण करने की तैयारी कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मौजा मवई बुजुर्ग स्थित गाटा संख्या 4721, रकबा 0.125 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में 'नवीन परती' के रूप में दर्ज है। आरोप है कि गांव के ही सियापति पत्नी श्यामपति प्रजापति और श्याम बाबू पुत्र अज्ञात, निवासी दोहतरा, उक्त सरकारी जमीन पर कब्जे की नीयत से पिलर के लिए गड्ढे खोद दिए हैं और पक्की बीम डालकर निर्माण शुरू करने की तैयारी में हैं। प्रार्थियों का आरोप है कि उक्त लोगों के खिलाफ पूर्व में धारा 115–ब के तहत कार्रवाई भी हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद वे सरकारी जमीन पर कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि गाटा संख्या 4721 को तत्काल कब्जा मुक्त कराया जाए और अवैध पक्के निर्माण पर रोक लगाई जाए। उन्होंने एसडीएम और पुलिस प्रशासन को सख्त कार्रवाई के लिए आदेशित करने की मांग की है। इस मौके पर कामता सिंह, महेश सेन, रणवीर सिंह, हरी.ष्ण ओमर, सुनैना, महेश प्रजापति, नारायण सिंह, सूरजपाल, पुष्पेंद्र, राहुल समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।



# पुलिस द्वारा चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निर्देश में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सु.ढ़ करने एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया। अभियान के दौरान पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने–जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की



तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया। ' इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन–देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद का बैठक हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो



बहराइच अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक , जन सामान्य मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष,राष्ट्रीय विकल्प मोर्चा के उत्तर प्रदेश प्रभारी पूर्व व प्ळ पंडित जुगुल किशोर तिवारी के निर्देशानुसार परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पंडित दीपक त्रिवेदी आज दिनांक 21ध06ध2026 को बहराइच के नानपारा में बैठक के उपरांत ब्लाक मिहीपुरवा के ग्राम सभा छोटी बोझिया में बैठक किया गया जिसमें परिषद एवम राष्ट्रीय विकल्प मोर्चा पर खुलकर चर्चा किया गया उक्त कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष पंडित शिव कुमार तिवारी,पंडित बाबूराम तिवारी एडवोकेट ,पंडित अरविंद शुक्ला,पंडित राकेश पांडेय,पंडित मनीष पाठक,पंडित अमर नाथ शुक्ला,पंडित राजेश त्रिवेदी पंडित रोहित दीक्षित अपनी नानपारा टीम के साथ उपस्थित रहे।

# मेदांता हॉस्पिटल के सहयोग से कान्हा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य एवं कैंसर परामर्श शिविर

## -60 से अधिक लोगों ने उठाया निःशुल्क परामर्श/जाँच का लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ एवं सेवर्स ऑफ लाइफ (रक्तदान संस्था) के सहयोग से सोमवार को कान्हा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, गायत्री नगर, लोहिया पुल, बांदा में निःशुल्क कैंसर परामर्श एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में मेदांता हॉस्पिटल के कैंसर रोग विशेषज्ञ (ऑन्कोलॉजिस्ट) एवं एसोसिएट कंसल्टेंट डॉ. निलेश अग्रवाल ने कैंसर से संबंधित समस्याओं पर निःशुल्क परामर्श दिया। वहीं सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित सांड्याल ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सलाह प्रदान की। शिविर के दौरान ईसीजी (इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम), पीएफटी (पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट), आरबीएस (रैंडम ब्लड शुगर), बीएमडी (बोन मिनरल डेंसिटी) तथा रक्तचाप (बीपी) की निःशुल्क जांचें की गईं। क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर इस स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाया। शिविर के सफल संचालन में मार्केटिंग मैनेजर प्रभात गुप्ता सहित 11 सदस्यीय टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने पूरे आयोजन के दौरान मरीजों की जांच एवं व्यवस्थाओं का कुशलतापूर्वक संचालन किया। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर शेख शादी जमा, सुरेश कान्हा, सुनील सक्सेना, सलमान खान, अमित सेठ भोलू, संजय काकोनियां, कमल सिंह यादव, सुरेश चौरसिया,पप्पू गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर समाज के लोगों को समय रहते बीमारी की पहचान और बेहतर उपचार की दिशा में जागरूक करने का



महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। समाजसेवी सुनील सक्सेना ने बताया ने बताया कि भविष्य में भी जनसेवा और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रकार के निःशुल्क शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा। जहाँ एक ओर समय की बचत, लखनऊ, जाने के खर्च की बचत लगभग 4000 रुपए की जाँचें निःशुल्क, परामर्श 1500ध–निःशुल्क एवं मेदांता के स्पेशलिस्ट डॉक्टर आपके घर पर इलाज कर रहे हैं वो भी निःशुल्क है कार्यक्रम के अंत में सुरेश कान्हा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया एवं आगे आने वाले समय में और भी स्पेस्लिस्ट चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर बांदा की जनता को लाभान्वित करने का आवाहन किया।

# जनपद न्यायाधीश, डीएम और एसएसपी ने केंद्रीय कारागार का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा, 22 जून। जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश




कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को केंद्रीय कारागार इटावा का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बंदियों की बैरकों, भोजनालय, चिकित्सालय तथा अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था, साफ–सफाई और बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण के बाद संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। छोटा आइटमरू संयुक्त निरीक्षण से व्यवस्थाओं की हुई समीक्षा केंद्रीय कारागार में हुए संयुक्त निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा, स्वच्छता और बंदियों की सुविधाओं का परीक्षण किया। निरीक्षण के समय जेल प्रशासन तथा संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# ग्राम कुन्दौल में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता चौपाल आयोजित

## -महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, कानून व साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा, 22 जून। मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना चकरनगर पुलिस ने ग्राम कुन्दौल में जागरूकता चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। चौपाल के दौरान महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के नए प्रावधानों, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बहू–बेटी सम्मेलन के तहत



परिवार में आपसी सौहार्द, सम्मान और बेहतर संबंध बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं की समस्याएं सुनकर उनका समाधान एवं आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस ने उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक रहें, किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करें तथा प्राप्त जानकारी को अपने परिवार और समाज के अन्य लोगों तक भी पहुंचाकर महिला सुरक्षा और जागरूकता अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल की निकटता बनी चर्चा का विषय

## -महोबावासियों को मिला विकास और विश्वास का संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महोबा दौरे ने जिले की राजनीति और विकास की दिशा में कई सकारात्मक संदेश दिए। इस दौरान पूर्व सांसद हमीरपुर–महोबा–तिंदवारी एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल मुख्यमंत्री के साथ प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री द्वारा मंच से उनकी खुलकर की गई प्रशंसा और गोरखगिरि पर्वत पर दोनों नेताओं की आत्मीय उपस्थिति ने जनमानस का विशेष ध्यान आकर्षित किया। महोबा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने जनप्रतिनिधि के रूप में हमेशा क्षेत्र के विकास, जनकल्याण और बुंदेलखंड के हितों को प्राथमिकता



दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंदेल ने जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने के साथ–साथ क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से बुंदेलखंड में स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, सड़क, पेयजल और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास में उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनसेवा और संगठन के प्रति समर्पित ऐसे कार्यकर्ता ही लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति होते हैं। मुख्यमंत्री के इन शब्दों ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में नया उत्साह भर दिया। गोरखगिरि पर्वत पर दिखी आत्मीयता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने महोबा प्रवास के दौरान ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के केंद्र गोरखगिरि पर्वत का भी दौरा किया। इस अवसर पर कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल उनके साथ पूरे समय मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने क्षेत्र की सांस्‍तिक विरासत, धार्मिक महत्व और विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। गोरखनाथ परंपरा से जुड़े इस पवित्र स्थल पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति ने पूरे क्षेत्र को नई पहचान प्रदान की। वहीं कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए बुंदेलखंड की विभिन्न विकासात्मक आवश्यकताओं और जनभावनाओं से उन्हें अवगत कराया। राजनीतिक से अधिक विकास का संदेश कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री और कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल के बीच दिखाई दिया आत्मीय संवाद लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। महोबावासियों ने इसे केवल राजनीतिक समीकरण नहीं, बल्कि विकास और जनहित के प्रति साझा प्रतिबद्धता के रूप में देखा। स्थानीय लोगों का मानना है कि मुख्यमंत्री द्वारा सार्वजनिक मंच से की गई प्रशंसा और कार्यक्रमों में चंदेल की प्रमुख उपस्थिति यह दर्शाती है कि बुंदेलखंड के विकास में उनकी भूमिका को महत्व दिया जा रहा है। इससे क्षेत्र की जनता में यह विश्वास मजबूत हुआ है कि महोबा और बुंदेलखंड के विकास से जुड़े मुद्दे सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री द्वारा कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल की सराहना किए जाने के बाद कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। लोगों ने इसे संगठन और नेतृत्व के बीच बेहतर समन्वय का संकेत माना। महोबावासियों के लिए विशेष संदेश गोरखगिरि पर्वत की पावन धरती से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल की एकजुटता ने महोबावासियों को यह संदेश दिया कि विकास, जनसेवा और क्षेत्रीय हितों के लिए सरकार तथा संगठन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। दोनों नेताओं की निकटता और संवाद ने जनता के बीच विश्वास और आशा का नया वातावरण तैयार किया है।

# चंबल नदी पुल से भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित

## –चंबल नदी पुल की मरम्मत तक भारी वाहनों की नो–एंट्री, डीएम ने जारी किए आदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा, 22 जून। राष्ट्रीय राजमार्ग–92 (719) स्थित इटावा–ग्वालियर मार्ग पर चंबल नदी पुल में तकनीकी खामी सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर बड़ा फैसला लिया है। पुल की मरम्मत पूरी होने तक सभी प्रकार के भारी वाहनों के आवागमन पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा



दिया गया है। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग खंड, लोक निर्माण विभाग तथा एमपी हाईवेज प्रा. लि. द्वारा पुल के पियर संख्या–5 पर सेटलमेंट (धंसाव) के संकेत मिलने की सूचना दी गई थी। इसके बाद पुल की तकनीकी जांच कराने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारी वाहनों के संचालन पर रोक लगाने की संस्तुति की गई। लोक निर्माण विभाग की रिपोर्ट के आधार पर 21 जून, 2026 से चंबल नदी पुल पर मरम्मत कार्य पूर्ण होने तक सभी प्रकार के भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया है। पुल की विस्तृत तकनीकी जांच ब्रिज विशेषज्ञों से कराई जाएगी। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद यह प्रतिबंध स्वतः समाप्त हो जाएगा। वैकल्पिक मार्ग निर्धारित भिंड की ओर जाने वाले भारी वाहन जालौन अथवा शिकोहाबाद मार्ग से जाएंगे। इसके अलावा उदी चौराहा.चकरनगर.सहसों.फूफ मार्ग का भी उपयोग किया जा सकेगा। वहीं, भिंड से आगरा और कानपुर की ओर आने वाले भारी वाहन शिकोहाबाद अथवा जालौन मार्ग से अथवा फूफ.सहसों.चकरनगर.उदी चौराहा होते हुए इटावा पहुंचेंगे। जिला प्रशासन ने वाहन चालकों एवं परिवहन संचालकों से अपील की है कि प्रतिबंध अवधि के दौरान निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# सभासद ने भ्रष्टाचार खिलाफ खोला मोर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो/लहरपुर, सीतापुर। नगर पालिका परिषद लहरपुर के वार्ड संख्या 10 के सभासदआफताब अहमद ने सोमवार को नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए पालिका गेट के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया । सभासद ने नगर पालिका में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार, सरकारी धन के दुरुपयोग, साफ–सफाई व्यवस्था की बदहाली, पेयजल संकट, स्ट्रीट लाइटों की अव्यवस्था, पानी की टंकी निर्माण में अनियमितताओं समेत कुल 20 बिंदुओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की । सुबह लगभग 10 बजे शुरू हुआ यह धरना दोपहर 3 बजे तक जारी रहा। भीषण गर्मी और तेज धूप के बावजूद सभासद अपनी मांगों को लेकर



डटे रहे । धरने के दौरान सबसे चर्चा का विषय यह रहा कि घंटों तक कोई भी प्रशासनिक अथवा तहसील स्तरीय अधिकारी मौके पर सभासद का हाल जानने नहीं पहुंचा । धरना स्थल पर जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी को दिया गया । ज्ञापन में आफताब अहमद ने आरोप लगाया कि नगर पालिका क्षेत्र में साफ–सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है, कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं, नालों की नियमित सफाई नहीं हो रही है तथा नगरवासियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने नगर पालिका द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों, पानी की टंकी, हाईमास्ट लाइट, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की नियुक्ति तथा विभिन्न मदों में खर्च किए गए सरकारी धन की भी जांच कराने की मांग उठाई। दोपहर करीब 1 बजे नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने धरनारत सभासद से वार्ता की। वार्ता के बाद अधिशासी अधिकारी ने एक सप्ताह के भीतर उठाई गई समस्याओं के समाधान एवं आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद लगभग 3 बजे धरना स्थगित कर दिया गया। हालांकि सभासद आफताब अहमद ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वह पदयात्रा करते हुए जिलाधिकारी से मिलेंगे इतना ही नहीं उन्होंने ईओ को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि पानी टंकी पर बैठ कर धरना प्रदर्शन करेंगे । उन्होंने यह भी कहा कि आंदोलन के दौरान यदि उन्हें किसी प्रकार की जान–माल की हानि होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी । धरने के बाद नगर पालिका की कार्यप्रणाली और सभासद द्वारा लगाए गए आरोप नगर क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं। अब लोगों की नजर इस बात पर टिकी है कि प्रशासन एक सप्ताह के भीतर इन शिकायतों पर क्या कार्रवाई करता है।

# मोदी के 12 वर्ष के आयोजन के नाम पर फंड के लिए भाजपा कर रही प्रधानों को परेशानः अमीक जामेई

न्यूज वाणी ब्यूरो

जौनपुर। नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल के लिए केंद्र सरकार ने प्रचार अभियान की घोषणा की है। सबसे पहले तो केंद्र सरकार ने अपने सीबीसी (ब्ठब्) प्रचार में उत्तर प्रदेश सरकार पर बजट का बोझ बढ़ाया। अब जहां–जहां भाजपा विधायक हैं, वहां जिला प्रशासन द्वारा अघोषित तरीके से ग्राम प्रधानों और सचिवों पर दबाव डालकर उनसे इस अभियान के लिए फंड इकट्ठा करने का दबाव बनाया जा रहा है। जहां भाजपा के विधायक और आरएसएस के नेता आकर मोदी सरकार की आवास योजना और आयुष्मान कार्ड का प्रचार महिला समूहों में करेंगे। इस विषय को लेकर जहां भाजपा के कार्यक्रम में अव्यवस्था देखने को मिल रही है, वहीं सपा ने इसे मुद्दा बना लिया है। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमीक जामेई ने कहा कि प्रधान प्रशासक के फैसले अभी तक प्रभावी नहीं हुए हैं और ग्रामीण अंचलों में विकास का काम ठप है। अनेक भावी प्रधान, जिला पंचायत और बीडीसी प्रत्याशी चुनाव अभियान में खर्च के बाद भी चुनाव नहीं होने से परेशान हैं। ऐसे में जब ग्राम पंचायतों के पास कोई शक्ति या बजट नहीं है, तो वे भाजपा के प्रचार के लिए पैसा कहां से इकट्ठा करेंगे? सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमीक जामेई ने प्रेस को बताया कि प्रत्येक विधानसभा में यदि 150 पंचायतें मान लें, तो 30 लाख रुपये प्रधानों और सचिवों से



दबाव डालकर इकट्ठा कराए जा रहे हैं। जौनपुर में भाजपा के चार विधायकों की बात करें तो यह राशि 1 करोड़ 20 लाख रुपये होती है। क्या प्रधान और सचिव चोरी करके पैसा लाएंगे? सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमीक जामेई ने कहा कि पीएम आवास योजना पूरी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है और ग्राम पंचायतों में आवास भाजपा पार्टी की सदस्यता देखकर दिए जा रहे हैं, जिससे नागरिकों और महिलाओं में रोष है। जामेई ने कहा कि सपा सरकार में डॉ. राम मनोहर लोहिया ग्रामीण आवास योजना के तहत 2 लाख से अधिक लाभार्थियों को प्रति मकान ध्3,50,000 तथा सोलर लाइट के साथ इस योजना का सीधा लाभ मिला था। तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी ने शहीद सैनिकों की पत्नियों और परिवारों को भी लोहिया आवास उपलब्ध कराया था। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमीक जामेई ने कहा कि भाजपा इस अभियान के बहाने आयुष्मान योजना के कार्ड बनवाकर अपने वोट पक्के करने की कोशिश में है। उन्हें बताना चाहिए कि आखिर अखिलेश सरकार द्वारा स्वी.त 100 बेड वाला जौनपुर मेडिकल कॉलेज आज तक 80 प्रतिशत अधूरा क्यों है, जहां न पर्याप्त डॉक्टर हैं और न ही आधुनिक मशीनें। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में 1 रुपये की पर्ची पर सभी इलाज होते थे, लेकिन आज आयुष्मान योजना के नाम पर निजी अस्पतालों की चांदी है, जिन्हें फायदा पहुंचाने का काम भाजपा कर रही है। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमीक जामेई ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी का प्रण है कि 2027 में सरकार बनते ही जौनपुर मेडिकल कॉलेज को फंड देकर उसका अधूरा कार्य पूरा कराया जाएगा। साथ ही ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि गरीबों को आयुष्मान कार्ड की जरूरत न पड़े और जिनके सिर पर छत नहीं है, उन्हें लोहिया आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

# महात्मा ज्योतिबा फुले स्टेडियम में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा, 21 जून। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स स्टेडियम में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के सचिव (राजस्व) एवं राहत आयुक्त तथा जनपद के नोडल अधिकारी डॉ. हृषीकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, बच्चों और बड़ी संख्या में आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास



किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि आज पूरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। योग भारतीय संस्‍ति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनाता है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन तनावमुक्त रहता है। स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना समय की आवश्यकता है। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में उपस्थित सभी लोगों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा स्वस्थ, निरोग और अनुशासित जीवन जीने का संकल्प लिया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, अपर जिलाधिकारी बिपिन कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. देवा रानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी अमित आसेरी की प्रेरणा से शीतल जल एवं छबील वितरण कैंप ने आज 53 दिन किया पूर्ण

## -आज एसडीएम पैलानी अंकित वर्मा ने छबील वितरण कैंप का किया आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। भीषण गर्मी, हीटवेव और लू से लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी बांदा




श्री अमित आसेरी की प्रेरणा से संचालित शीतल जल एवं छबील वितरण अभियान ने शुक्रवार को अपने 53दिन पूरे कर लियें । इसी क्रम में आज एसडीएम पैलानी अंकित वर्मा ने राहगीरों को शीतल जल,पेठा, पुदीना बतासा बिस्किट एवं छबील का वितरण कराया। आज सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला ने राहत शिविर में राहगीरों को शीतल जल पेठा बिस्किट छबील वितरण कर राहगीरों को राहत प्रदान की उक्त अवसर पर समाजसेवी सुनील सक्सेना,स्टेनो एसडीएम पैलानी अंकित वर्मा, स्टेनो एडीएम न्यायिक शाकिर अली आदि उपस्थित रहें। कल 23 जून को भी एसडीएम पैलानी अंकित वर्मा के द्वारा छबील वितरण कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी श्री अमित आसेरी की इस अभिनव पहल को जनसहयोग का व्यापक समर्थन मिला है। पिछले 53 दिनों से विभिन्न समाजसेवियों, सामाजिक संगठनों तथा सरकारी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़–चढ़कर सहभागिता निभाते हुए मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। भीषण गर्मी और हीटवेव के प्रकोप के बीच लगातार संचालित इस अभियान के माध्यम से हजारों राहगीरों को राहत पहुंचाई गई। लोगों ने जिलाधिकारी की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए इसे मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा प्रेरणादायी प्रयास बताया। इस अवसर पर उपस्थित समाजसेवियों ने कहा कि जनसहभागिता और प्रशासन के समन्वय से चलाया जा रहा यह अभियान मानव सेवा का एक उत्‍ष्ट उदाहरण है, जिसने न केवल राहगीरों को राहत प्रदान की है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत किया है। गौरतलब है कि जिलाधिकारी अमित आसेरी की प्रेरणा से प्रारंभ हुआ यह अभियान अब सेवा के 53 दिन पूरे कर एक नए कीर्तिमान की ओर अग्रसर है, जो समाज के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता और जनसहयोग की मिसाल बन गया है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच उठाया गया जरी मुबारक, पुलिस रही मुस्तैद

न्यूज वाणी ब्यूरो/सुल्तानपुर घोषध्फतेहपुर। थाना क्षेत्र के बहेरा सादात गांव में मोहर्रम की छह तारीख को उठाए जाने वाले इमाम हुसैन के पुत्र हजरत अली अकबर की याद में निकाला जाने वाला जरी मुबारक सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वक्फ



इमामबाड़ा जाफरी बेगम से उठकर जरी मुबारक इमामबाड़ा तक पहुंचा। जैसे ही जरी मुबारक इमामबाड़ा पहुंचा, जियारत करने वालों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अकीदतमंदों ने जरी मुबारक की जियारत कर अपनी–अपनी मन्नतें मांगीं और अमन–चौन की दुआ की। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में पूरी तरह धार्मिक माहौल और अनुशासन बना रहा। वहीं आयोजन को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुबह से ही खागा क्षेत्राधिकारी दुर्गेश दीप तथा थाना प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह चंदेल अपने दलबल के साथ मौके पर मुस्तैद रहे। पुलिस बल ने सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर बनाए रखी, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# चलती रोडवेज बस में चोरों ने महिला के जेवर किए पार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। चोरों ने चलती रोडवेज बस में महिला के बैग से जेवरात की चोरी कर ली है जैसे महिला को पता चला कि बैग से सामान गायब है तो पीड़ित सिविल लाईन पुलिस चौकी पहुंचे और प्रार्थना पत्र देकर चौकी प्रभारी से कार्रवाई करने की मांग की है।



दयाशंकर तिवारी नामक व्यक्ति अपनी बहू को लेकर फतेहपुर जनपद जा रहा था तभी चलती रोडवेज बस में चोरों ने महिला के सूटकेस से जेवरात की चोरी कर ली। 50000 की कीमत की चांदी की जेवर चोरों ने पार कर दिए पीड़ित दयाशंकर अपनी बहू को लेकर के पुलिस चौकी सिविल लाइन पहुंचा है और पुलिस को लिखित शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# किसानों के हक के लिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

## भाकियू (अराजनीतिक) ने समस्याओं के समाधान की उठाई जोरदार मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम के नेतृत्व में किसानों ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित 15 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। किसानों ने खेती की बढ़ती लागत, नकली बीज–खाद की बिक्री, उर्वरकों की कमी, फसल क्षति, सिंचाई, बिजली, गन्ना भुगतान तथा आवारा पशुओं की समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए तत्काल प्रभाव से समाधान की मांग की। ज्ञापन में



कहा गया कि प्रदेश का किसान बढ़ती .षि लागत, प्रशासनिक जटिलताओं और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ न मिलने के कारण गंभीर संकट का सामना कर रहा है। संगठन ने मांग की कि विरासत एवं बंटवारे के मामलों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए, सभी पात्र किसानों की फार्मर आईडी शीघ्र बनाई जाए तथा डीएपी, यूरिया सहित अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की जाए। किसानों ने नकली बीज, खाद एवं कीटनाशकों की बिक्री पर रोक लगाने, दोषी कंपनियों और विक्रेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा खराब बीजों से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की। इसके साथ ही सभी फसलों की एमएसपी पर सरकारी खरीद की गारंटी देने और फसल बीमा योजना को प्रभावी बनाकर प्रा.तिक आपदा, अतिवृष्टि, सूखा एवं कीट प्रकोप से हुई फसल क्षति का शीघ्र भुगतान कराने की भी मांग उठाई गई। ज्ञापन में आवारा एवं निराश्रित पशुओं की समस्या के स्थायी समाधान, नहरों–रजवाहों की सफाई, खराब पड़े सरकारी नलकूपों को चालू कराने, .षि उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने तथा गन्ना किसानों का बकाया भुगतान ब्याज सहित कराने की मांग भी प्रमुखता से शामिल रही। इसके अलावा किसानों को .षि यंत्रों, बीजों एवं सरकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव उपलब्ध कराने तथा तहसील व जिला स्तर पर किसान समाधान शिविर आयोजित किए जाने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) किसानों के हित में व्यापक आंदोलन छेड़ने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस मौके पर प्रीतम सिंह,दीपक गुप्ता, बाऊवन शुक्ला, अजय सिंह, प्रदीप सिंह, महेंद्र सिंह, अजय प्रजापति, बबलू सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# किसानों को मुत मिलेंगे बीज मिनीकिट

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खरीफ सीजन में श्रीअन्न (मिलेट्स) की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि विभाग ने किसानों को निःशुल्क बीज मिनीकिट उपलब्ध कराने की योजना शुरू की है। जिला .षि अधिकारी ने बताया कि ज्वार, बाजरा, सांवा, कोदो, रागी (मडुवा), काकुन और कुटकी के बीज मिनीकिट पंजी.त किसानों को विभागीय पोर्टल पर बुकिंग के बाद उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मिनीकिट प्राप्त करने के लिए किसानों को .षि विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। आवश्यकता पड़ने पर पात्र किसानों का चयन ई–लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। जिले के सभी विकास खंडों के राजकीय .षि बीज भंडारों पर मिनीकिट उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसके अलावा दलहनी एवं तिलहनी फसलों के निःशुल्क मिनीकिट भी वितरण के लिए उपलब्ध हैं। .षि विभाग ने किसानों से जल्द से जल्द पोर्टल पर बुकिंग कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है। साथ ही राजकीय बीज भंडारों पर धान समेत विभिन्न फसलों के बीज भी उपलब्ध हैं। किसी भी जानकारी या समस्या के लिए किसान संबंधित बीज भंडार प्रभारी अथवा .षि विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।




# भामाशाह पार्क के लिए भूमि मिली

## -सभासद सुनील गुप्ता सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। दानवीर भामाशाह की स्मृति में पार्क एवं प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि आवंटन कराए जाने पर इसाइनपुरवा वार्ड के सभासद सुनील गुप्ता का अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद ने भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। परिषद के पदाधिकारियों ने उनके आवास पहुंचकर माला पहनाई, पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। परिषद के पदाधिकारियों ने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य एवं सभी सभासदों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से दानवीर भामाशाह के नाम पर पार्क और प्रतिमा स्थापना की मांग की जा रही थी। इस मांग को गंभीरता से लेते हुए सभासद सुनील गुप्ता ने अपने वार्ड स्थित देवीगंज पुल के नीचे



भूमि आवंटित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे समाज की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने का मार्ग प्रशस्त हुआ। राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद गुप्ता के नेतृत्व में पहुंचे परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि भामाशाह के नाम पर बनने वाला यह पार्क नई पीढ़ी को उनके त्याग, समर्पण और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देगा। साथ ही क्षेत्रवासियों को मॉर्निंग वॉक एवं अन्य गतिविधियों के लिए एक बेहतर सार्वजनिक स्थल भी उपलब्ध होगा। जिलाध्यक्ष अरुण जायसवाल एडवोकेट ने कहा कि भामाशाह पार्क के लिए भूमि आवंटन कराने में सभासद सुनील गुप्ता का योगदान सराहनीय है। समाज इस पहल के लिए सदैव उनका आभारी रहेगा। प्रदेश युवा अध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल ने कहा कि पार्क बनने से क्षेत्र का सौंदर्य बढ़ेगा और लोगों को स्वास्थ्यवर्धक वातावरण मिलेगा। साथ ही आने वाली पीढ़ियां भामाशाह जैसे महापुरुष को सदैव याद रखेंगी। इस अवसर पर व्यापार मंडल जिला प्रभारी संजय गुप्ता, जिलाध्यक्ष ब्रजेश सोनी, दोसर वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष नारायण बाबू गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष विनायक संतोष गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष वेद प्रकाश गुप्ता, सौनक गुप्ता, अमित गुप्ता, नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हुसैनी सदाओं के बीच ताजियों का हुआ मिलाप

## - मिलाप देखने के लिए उमड़ा जनसैलाब
## - चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा पुलिस बल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मोहर्रम की पांच तारीख की रात व छह मोहर्रम को दिन में उठाए गए आधा दर्जन



ताजियों ने अपने निर्धारित मार्गों पर गश्त किया। दोनों ही दिनों के ताजिया जुलूस में बड़ी संख्या में पुरूष एवं महिलाओं की भीड़ उमड़ी। या हुसैन की सदाओं के बीच बाकरगंज चौराहे पर निर्धारित समय पर सभी ताजियों का मिलाप हुआ। जुलूसों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए भारी पुलिस बल आगे–पीछे मुस्तैद रहा। दोनों दिनों के ताजियों पर अकीदतमंदों ने जमकर मुरादे पूरी होने पर चढ़ावा चढ़ाया। इसके अलावा नई मन्नत मानने वालों ने भी ताजियों पर फूल चढ़ाकर शहीदान–ए–कर्बला को श्रद्धांजलि अर्पित की। मोहर्रम की पांच तारीख की रात को महारथी, मसवानी, आबूनगर व खेलदार से आधा दर्जन ताजियों का जुलूस अपने–अपने इमामबाड़ों से अकीदतमंदों की भारी भीड़ के साथ उठाया गया। जुलूस में ढोल भी बज रहे थे। सभी ताजियों ने अपने निर्धारित मार्गों पर गश्त किया। रात गश्त के बाद सभी आधा दर्जन ताजिया बाकरगंज पुलिस चौकी के सामने सुबह एकत्र हुए। जहां पर अकीदतमंदों की भारी भीड़ व हुसैनी सदाओं के बीच ताजियों का मिलाप हुआ तत्पश्चात सभी ताजिये अपने–अपने इमामबाड़ों को लौट गये। जुलूसों में दुकानदार भी नाना प्रकार की वस्तुओं की बिक्री में जुटे हुए हैं। जुलूस में शामिल पुरूष, महिलाओं एवं बच्चों ने अपने पसंदीदा वस्तुओं की खरीददारी भी की। जुलूस वाले मार्गों पर चाय व पानी के स्टाल भी लगाये गये थे। उधर छह मोहर्रम को भी शहर के आबूनगर मुहल्ले से रमजानी, गरीब शाह, बासू खां, एजाजुल हसन, छोटू खां व अब्दुल मुस्सन के आधा दर्जन ताजियों का जुलूस दोपहर एक बजे उठाया गया। जिसमें अलम अखाड़े भी शामिल रहे। सभी ताजिये अपने–अपने इमामबाड़े से उठकर मुहल्ले में ही गश्त करते रहे। सभी ताजिये आबूनगर पुलिस चौकी तक पहुंचने के बाद शाम पांच बजे समाप्त हो गए। विदित रहे कि इन्हीं आधा दर्जन ताजियों का जुलूस मोहर्रम की नौ तारीख को भी निकलेगा। रात व दिन के जुलूसों को लेकर भारी संख्या में पुलिस जवानों को तैनात किया था। चप्पे–चप्पे पर पुलिस फोर्स की मुस्तैदी से सभी ताजियों का जुलूस शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया।

### आज उठेंगे पलंग, होगा छूरी का मातम

फतेहपुर। शहीदान–ए–कर्बला की याद में मोहर्रम की सात तारीख पर कल (आज) अलग–अलग मोहल्लों से तीन पलंगों का जुलूस निकाला जाएगा। जो प्रातः सात बजे से शुरू होकर अपने निर्धारित मार्गों पर गश्त करने के बाद रात नौ बजे मुस्लिम इंटर कालेज के निकट समाप्त हो जाएगा। इन जुलूसों में सैय्यदवाड़ा के मुसद्दक हुसैन मुच्छू, अमरजई के जमील उद्दीन व बकंधा के आबिद अली के पलंग शामिल हैं। तीनों पलंगों का मिलाप होने के बाद मुच्चू की पलंग अपने इमामबाड़े पर पहुंचेगी। इतना ही नहीं मोहर्रम की सात की सुबह सैय्यदवाड़े मुहल्ले में छूरी का मातम भी होगा। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ेगी।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने जनसुनवाई में सुनी 28 फरियादें

## -जनकल्याण व सेवा ही संगठन का मूलमंत्र - अन्नू श्रीवास्तव

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी के जेल रोड स्थित जिला कार्यालय में सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। दिवस प्रभारी के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके न्यायोचित एवं शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान कुल 28 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें लोक निर्माण विभाग, राजस्व, पुलिस तथा .षि विभाग से जुड़ी शिकायतें शामिल थीं। सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।



उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन और सरकार का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। सेवा, सुशासन और जनहित संगठन की प्राथमिकता है। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि भाजपा जिला कार्यालय में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें पार्टी पदाधिकारी दिवस प्रभारी के रूप में उपस्थित रहकर आमजन की समस्याएं सुनते हैं। जनसुनवाई के दौरान हंसवा विकास खंड के सांतो निवासी महेंद्र सिंह भी अपने परिचितों की समस्याओं को लेकर पहुंचे। उन्होंने जिलाध्यक्ष से मुलाकात के बाद कहा कि भाजपा की यह पहल आम लोगों के लिए बेहद उपयोगी है और वह इससे पूरी तरह संतुष्ट हैं। इस अवसर पर ओम मिश्रा, पंकज त्रिवेदी, उदय लोधी, कुलदीप भदौरिया, पुष्पराज पटेल, बलराम द्विवेदी सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# खनन माफिया व ओवरलोड वाहनों पर प्रशासन का बड़ा प्रहार

## –पांच चेक पोस्टों पर 24 घंटे निगरानी
## –ओवरलोड वाहनों पर मुकदमे के साथ फिटनेस व पंजीकरण होगा निलंबित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में अवैध खनन, अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन ने बड़ा अभियान शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने संयुक्त आदेश जारी कर 21 जून से 30 जून 2026 तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पांच चेक पोस्ट स्थापित किए हैं, जहां पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टास्क फोर्स चौबीसों घंटे निगरानी करेगी। अभियान के तहत थाना ललौली, थाना गाजीपुर, जोनिहा चौकी, थाना असोथर तथा विजयीपुर चौकी क्षेत्र में चेक पोस्ट बनाए गए हैं। यहां राजस्व, पुलिस और ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की आठ–आठ घंटे की शिट में ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक चेक पोस्ट से हर दो घंटे पर तैनात कर्मियों की उपस्थिति और कार्रवाई की रिपोर्ट नियंत्रण कक्ष को व्हाट्सएप एवं ई–मेल के माध्यम से भेजना अनिवार्य किया गया है। डीएम और एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि चेकिंग के दौरान अवैध खनन सामग्री से लदे वाहन, ओवरलोड वाहन अथवा किसी भी संदिग्ध गतिविधि को नजरअंदाज करने वाले अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संयुक्त आदेश में कहा गया है कि ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सरकारी संपत्ति की चोरी का मामला मानते हुए भारतीय न्याय संहिता एवं लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। इसके अलावा ऐसे वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र निरस्त करने तथा पंजीकरण निलंबित करने की कार्रवाई भी की जाएगी। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सभी तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ ड्यूटी करें। बिना प्रतिस्थानी के कोई भी कर्मचारी ड्यूटी स्थल नहीं छोड़ेगा। वहीं संबंधित थानाध्यक्षों को प्रत्येक चेक पोस्ट पर चार–चार पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पूरे अभियान की निगरानी अपर जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा की जाएगी। प्रशासन की इस सख्ती से अवैध खनन और ओवरलोडिंग में लिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

# बढ़ा मान : 12 सपूत बने देश के प्रहरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले के सम्राट रिसॉर्ट, बड़नपुर चौराहा में एफसीआई ट्रेनिंग सेंटर, तपस्वी नगर द्वारा भारतीय सेना एवं कमांडो पद पर चयनित 12 युवाओं के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। देश सेवा के लिए चयनित युवाओं का माल्यार्पण, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ कोच कुलदीप पाल, संरक्षक इंजीनियर अनुरुद्ध मौर्य तथा सूबेदार अनिरुद्ध सर के नेतृत्व में हुआ। समारोह में 2 युवाओं के कमांडो और 10 युवाओं के भारतीय सेना में चयन होने पर उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि चंद्रदेव मौर्य, कन्हैयालाल मौर्य, कुमार शेखर (भोजन जन सेवा समिति), शिवम सोनी, हरिकेश मौर्य, रुद्रपाल सिंह एवं जागेश्वर फौजी समेत अन्य अतिथियों ने चयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि युवाओं की यह सफलता पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा का दायित्व मिलने से बड़ा सम्मान कोई नहीं हो सकता। वक्ताओं ने युवाओं को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ देश सेवा करने की प्रेरणा दी। वहीं चयनित युवाओं के परिजनों के चेहरे भी खुशी से खिल उठे और उन्होंने प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में शिक्षक, चयनित युवाओं के माता–पिता, ट्रेनिंग सेंटर के छात्र–छात्राएं एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में कोच कुलदीप पाल ने बताया कि फतेहपुर एफसीआई ट्रेनिंग सेंटर से पिछले दो वर्षों में 45 युवाओं का भारतीय सेना में चयन हो चुका है। उन्होंने कहा कि संस्थान युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण देकर उनके सपनों को साकार करने का कार्य कर रहा है।

# रक्तदान कर युवाओं ने पेश की मानवता की मिसाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जन्मदिन को सेवा और मानवता के पर्व के रूप में मनाते हुए सर्व फॉर ह्यूमैनिटी संस्था के सदस्यों ने मानस रक्तकेंद्र पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस दौरान यूपी पुलिस प्रयागराज



में तैनात निशांत शुक्ला ने अपने जन्मदिन के अवसर पर 14वीं बार रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान अभियान में फतेहपुर के मूल निवासी एवं बिहार के बेगूसराय में कार्यरत शिक्षक आयुष्मान तथा संस्था के सक्रिय सदस्य आशीष ने भी हिस्सा लिया। आशीष नियमित रूप से प्रत्येक छह माह में रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद करते हैं। कार्यक्रम के दौरान संस्था से गुरमीत सिंह भी उपस्थित रहे। मानस रक्तकेंद्र के प्रभारी अमन यादव एवं अनामिका पाल ने रक्तदाताओं के इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए निशांत शुक्ला, आयुष्मान और आशीष को प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है, जिससे कई जरूरतमंद लोगों को नया जीवन मिलता है। युवाओं का यह प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देने वाला है। संस्था के सदस्यों ने लोगों से नियमित रक्तदान करने और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया। सर्व फॉर ह्यूमैनिटी संस्था का यह अभियान दर्शाता है कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों को रक्तदान जैसे पुनीत कार्य से जोड़कर न केवल उन्हें यादगार बनाया जा सकता है, बल्कि किसी के जीवन में नई उम्मीद और खुशियां भी लाई जा सकती है।



# झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से युवक की हुई मौत

## –पिता ने लगाया आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जिले के थरियांव थाना क्षेत्र के एकारी गांव में झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से युवक की अचानक तबियत बिगड़ गई इसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एकारी गांव निवासी सोमनाथ का 18 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार के पेट में दर्द होने पर वह गाँव में मेडिकल स्टोर चला रहे झोला छाप डॉक्टर मलखान के पास इलाज कराने गया। जहाँ डॉक्टर मलखान द्वारा किये गए इलाज से उसकी तबियत बहुत ज़्यादा खराब हो गई तो उसके पिता को जानकारी हुई तुरन्त पिता अपने ई–रिक्शे पर सवार कर उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचा। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया तो साथ आए परिजनों में कोहरा मच गया। पुत्र को अस्पताल लेकर पहुंचे पिता सोमनाथ ने बताया कि वह ई–रिक्शा चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। ई–रिक्शा लेकर वह सवारी की तलाश में शहर आया था। दोपहर को जब वह वापस घर पहुंचा तो पता चला कि उसके पुत्र सुमित के पेट मे दर्द हुआ था तो वह गाँव के डॉक्टर मलखान से इलाज करा कर वापस आया जिससे उसकी तबियत बहुत ज़्यादा खराब हो गई है। तुरन्त पुत्र सुमित को अपने ई–रिक्शे पर सवार कर जिला अस्पताल लेकर आये तो यहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अमानक कीटनाशकों के खिलाफ किसानों को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किसानों को सुरक्षित खेती और गुणवत्तापूर्ण खाद्य उत्पादन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से .षि विभाग द्वारा सोमवार को .षि भवन सभागार में किसान जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। .षि निदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चलाए जा रहे ग्रो सेफ फूड अमानक, अपंजी.त कीटनाशी रसायनों से सावधान अभियान 2.0 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों, तकनीकी कार्मिकों, कीटनाशक विक्रेताओं और विभागीय अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने किसानों को फसल सुरक्षा में उपयोग होने वाले कीटनाशकों के सुरक्षित, संतुलित एवं वैज्ञानिक प्रयोग की जानकारी दी। साथ ही अमानक और अपंजी.त कीटनाशी रसायनों के दुष्प्रभावों तथा उनसे होने वाले आर्थिक और पर्यावरणीय नुकसान के बारे में विस्तार से बताया गया। किसानों को यह भी समझाया गया कि अधिक उत्पादन और बेहतर गुणवत्ता के लिए केवल मानक एवं पंजी.त कीटनाशकों का ही प्रयोग करें। कार्यक्रम में जैविक एवं पर्यावरण अनुकूल खेती को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने किसानों को बायोपेस्टीसाइड्स तथा आधुनिक .षि रक्षा उपकरणों के उपयोग के लिए प्रेरित करते हुए इनके लाभों की जानकारी दी। जिला .षि रक्षा अधिकारी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य किसानों को सुरक्षित खेती की तकनीकों से जोड़ना और खाद्य सुरक्षा को मजबूत बनाना है। कार्यशाला के समापन पर किसानों को कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग हेतु व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई किट) वितरित किए गए। किसानों ने कार्यशाला को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें फसल सुरक्षा और स्वास्थ्य सुरक्षा दोनों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को पुलिस ने दबोचा

## -कई दिनों से तलाश में लगी थी पुलिस टीम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नाबालिग से दुष्कर्म और धमकी देने के गंभीर आरोपों में वांछित चल रहे युवक को खागा पुलिस ने गिरतार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को कैनाल रोड स्थित नहर पुलिया के पास से दबोचकर न्यायालय में पेश किया, जहां



से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में अपराधियों एवं वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खागा पुलिस ने मुकदमा संख्या 214/2026 में नामजद आरोपी दिव्य मिश्रा उर्फ सत्यम मिश्रा पुत्र चन्द्रदत्त मिश्रा निवासी नई बाजार, कस्बा व थाना खागा को गिरतार किया। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी का वादी की चाट की दुकान पर नियमित आना–जाना था। इसी दौरान उसकी पहचान वादी की नाबालिग पुत्री से हुई और दोनों के बीच दोस्ती हो गई। पुलिस के अनुसार यह संपर्क लंबे समय से बना हुआ था। मामले की शिकायत दर्ज होने के बाद आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। सोमवार को खागा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को कैनाल रोड स्थित नहर पुलिया के पास से गिरतार कर लिया। गिरतारी के बाद आवश्यक पूछताछ और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

गिरतारी करने वाली टीम में अपराध निरीक्षक रामआशीष यादव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक .ष्ण कुमार यादव, हेड कांस्टेबल सूर्यप्रकाश परिहार तथा कांस्टेबल अब्दुल कलाम शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# बारात में हर्ष फायरिंग: एक की मौत, चार घायल

## -ड्रोन पर निशाना साधने के दौरान चली गोली
## -शादी की खुशियां पलभर में मातम में बदलीं
## -आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लमेहटा में रविवार देर रात एक शादी समारोह उस समय मातम में बदल गया जब बारात में की गई हर्ष फायरिंग जानलेवा साबित हो गई। लाइसेंसी सिंगल बैरल बंदूक से चली गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई और खुशियों का माहौल चीख–पुकार में बदल गया। जानकारी के अनुसार रात करीब 12:30 बजे डायल–112 को बारात में फायरिंग होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही गाजीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। घायलों में धीरज केवट (50) निवासी औगासी, थाना मरका, जनपद बांदा की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं अन्य चार घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए कानपुर रेफर किया गया है। उनकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक



अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पास के गांव का सुमित तिवारी उर्फ पप्पू तिवारी अपनी लाइसेंसी सिंगल बैरल बंदूक लेकर बारात में पहुंचा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वह ड्रोन की ओर बंदूक तानकर फायर करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान लोगों द्वारा रोकने पर जब वह बंदूक नीचे कर रहा था, तभी अचानक ट्रिगर दब गया और गोली चल गई। गोली लगने से पांच लोग घायल हो गए, जिनमें एक की मौत हो गई। घटना के बाद शादी समारोह में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। परिजनों और बारातियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि घटना के सभी पहलुओं की गहनता से पड़ताल की जा रही है तथा दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# डिजिटल शिक्षा की ओर बढ़ीं बेटियां, छात्राओं को मिले टैबलेट

## महाविद्यालय में आयोजित हुआ टैबलेट वितरण समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना



(डिजिशक्ति) के अंतर्गत डॉ. बी. आर. अम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें छात्राओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर की सभासद सरोज पाल रहीं, जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार यादव ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापिका प्रो. शकुन्तला, प्राध्यापक प्रो. प्रशांत द्विवेदी, डिजीशक्ति योजना के नोडल अधिकारी डॉ. राज कुमार सहित शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार यादव ने कहा कि वर्तमान समय डिजिटल तकनीक का युग है और सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे टैबलेट विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, शोध कार्य तथा नवीन ज्ञान अर्जित करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने छात्राओं से इन उपकरणों का सकारात्मक एवं शैक्षिक उपयोग करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि सरोज पाल ने कहा कि डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता से युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के नए अवसर खुल रहे हैं। उन्होंने छात्राओं को तकनीक का सदुपयोग कर अपने जीवन के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रो. प्रशांत द्विवेदी ने डिजीशक्ति योजना की विस्तृत जानकारी दी तथा छात्राओं को टैबलेट के उपयोग, रखरखाव और डिजिटल सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए। उन्होंने कहा कि यह योजना विद्यार्थियों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के दौरान पात्र 27 छात्राओं में से उपस्थित 19 छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। टैबलेट प्राप्त कर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। छात्राओं ने प्रदेश सरकार एवं महाविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को उनकी शिक्षा और भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। अंत में नोडल अधिकारी डॉ. राज कुमार ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# यादे हुसैन में अंजुमन कमेटी ने राहगीरों को पिलाया शरबत

## इजूरा मोड़ पर करबला के शहीदों की याद में लगाई गई सबील
## बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया शरबत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मुहर्रम के पवित्र महीने में करबला के शहीदों की याद को ताज़ा करते हुए अंजुमन कमेटी सुल्तानपुर घोष द्वारा इजूरा मोड़ पर शरबत वितरण (सबील) का आयोजन किया गया। इस दौरान राहगीरों, यात्रियों और क्षेत्रीय लोगों को शीतल शरबत पिलाकर हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम और उनके साथियों की कुर्बानियों को याद किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और सबील से शरबत ग्रहण किया। अंजुमन कमेटी के सदस्यों ने बताया कि मुहर्रम केवल मातम और गम का महीना ही नहीं, बल्कि इंसानियत, सत्य, न्याय और बलिदान की महान सीख देने वाला अवसर भी है। करबला की धरती पर हज़रत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ अपने प्राणों की आहुति देकर पूरी मानवता को सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया था। उन्हीं की याद में हर वर्ष सबील लगाकर लोगों को शरबत पिलाया जाता है। इजूरा मोड़ पर आयोजित इस सबील में आने–जाने वाले राहगीरों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें शरबत वितरित किया गया।



कमेटी के सदस्यों ने स्वयं खड़े होकर लोगों को शरबत पिलाया। इस दौरान क्षेत्र में भाईचारे, सौहार्द और सेवा भावना का सुंदर वातावरण देखने को मिला। लोगों ने भी इस नेक कार्य की सराहना करते हुए अंजुमन कमेटी के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि करबला की कुर्बानी आज भी पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुहर्रम के दिनों में आयोजित होने वाली सबीलें और अन्य धार्मिक गतिविधियां समाज में प्रेम, सद्भाव और मानव सेवा का संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को भी करबला के इतिहास और उसके महान संदेश से परिचित कराने का माध्यम बनते हैं। इस अवसर पर मोहम्मद जफ़र, शीबू खान, फिरोज़ खान, सरफराज आलम, मोहम्मद ज़ुबैर, तंज़ील, मुजनबीन, साजिद, तन्नू, सुहैल, अरमान, रेहान, अमान, समीर, शाकिब, फैज़, आरिफ, शाहनवाज, दानिश, डॉ राहुल चौधरी, नईम उद्दीन, राव साहब सहित अंजुमन कमेटी सुल्तानपुर घोष के अनेक सदस्य तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर करबला के शहीदों को खिराज–ए–अकीदत पेश किया और उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# बाइकों की भिडन्त में किशोर की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थाना गाजीपुर क्षेत्र के जागेश्वर तिराहा के पास सोमवार तड़के हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 17 वर्षीय छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कराया। जानकारी के अनुसार, सचिन सैनी उर्फ आशुतोष (17 वर्ष) पुत्र सियाराम, निवासी उमरगहना थाना मलवां, जनपद फतेहपुर, कक्षा 11 का छात्र था। वह अपने ननिहाल अंदमऊ आया हुआ था। सोमवार को वह अपने साथी निरंकार सैनी पुत्र दिनेश, निवासी अंदमऊ थाना असोथर, के साथ पैदल घर जा रहा था। बताया जाता है कि दोनों युवक जब जागेश्वर तिराहा के पास पहुंचे, तभी तेज रतार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सचिन सैनी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि निरंकार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वहीं घायल निरंकार को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक सचिन के पिता सियाराम गांव में मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करते हैं। परिवार में 13 वर्षीय छोटा भाई अखिलेश भी है। होनहार बेटे की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की खबर मिलते ही परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है। क्षेत्रीय लोगों ने दुर्घटना करने वाले वाहन चालक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# ट्रेन से कटकर किशोर की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसाही के समीप रविवार की देररात ट्रेन की चपेट में आ जाने से 15 वर्षीय किशोर की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मीरपुर कुरुस्ती निवासी स्व0 राजेन्द्र कुमार का पुत्र पुष्पेन्द्र रात्रि 11 बजे घर से निकल गया और भैंसाही गांव के समीप रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक के मामा इन्द्रजीत ने बताया कि उसके भांजे का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। रात्रि 11 बजे अपनी मां पुष्पा देवी के साथ सो रहा था। किस वक्त घर से निकल गया। किसी को नहीं जानकारी हुयी।

# करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम गाजीपुर नवाबगंज में रविवार की शाम इलेक्ट्रिक का काम करते समय 21 वर्षीय युवक करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के भैरवां गांव निवासी रमेन्द्र चन्द्र का पुत्र विमल बिजली का काम करता था। बताते है कि हथगाम थाने के गाजीपुर नवाबगंज काम करने गया था। इसी दौरान काम करते समय वह बिजली के चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

# लड़ाई के दौरान मां की गोद से गिरी मासूम, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एलई में लड़ाई के दौरान धक्का दे देने से मां की गोद से 10 माह की बच्ची नीचे गिर गया। जिससे मासूम की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार एलई गांव निवासी सन्त कुमार का साला करन गांव आया था। बताते है कि गांव के ही जवाहर से किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गयी। इसी बीच करन की बहन अपने 10 माह की बच्ची राधिका को गोद में लेकर आ गयी। तभी जवाहर ने करन की बहन को धक्का दे दिया। जिससे गोद में ली बच्ची नीचे गिर गयी। और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग जाने में सफल रहा।

## अधिवक्ताओं का खागा में हुआ जोरदार स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो/ खागा, फतेहपुर। मॉडल बार एसोसिएशन खागा के अधिवक्ता संघ भवन में सोमवार को भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद फतेहपुर, खागा तथा बिंदकी तहसील के नवनिर्वाचित अध्यक्षों और महामंत्रियों का फूल–मालाओं एवं स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए खागा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने जिला अधिवक्ता संघ फतेहपुर के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव, महामंत्री अनुराग मिश्रा तथा बिंदकी बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया और उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन की परंपरा के तहत जूनियर अधिवक्ताओं को कानूनी बैंड बांधकर सम्मानित किया गया। वहीं महिला अधिवक्ताओं के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बिंदकी की महामंत्री प्रतिभा पटेल, फतेहपुर की अधिवक्ता किरण यादव तथा खागा की अधिवक्ता सुमन सिंह ने महिला अधिवक्ताओं को बैंड पहनाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह में खागा, फतेहपुर और बिंदकी क्षेत्र के बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ताओं ने संगठन की एकता बनाए रखते हुए न्याय व्यवस्था को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर केशचंद्र मिश्र, मुकुल बाजपेयी, आशुतोष त्रिपाठी, राहुल तिवारी, चंद्रशेखर यादव, कपिल यादव, मलखान यादव, अशोक गुप्ता सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )